वो जो तुम में है

धन्यवाद भाई नेविल, प्रभु आप को आशीष दे।

आइए हम कुछ क्षण की प्रार्थना के लिए खड़े रहेंगे। अब आइए हम अपने सरों को झुकाएंगे। और वे सब जो अपने आप को प्रार्थना में याद करवाना चाहते है, अपने हाथों को उठाकर और कहे, “परमेश्वर यह मैं हूं।”

2 अति पवित्र और अनुग्रहकारी परमेश्वर, हम इन लोगों को उन विनतियो के साथ आपके सम्मुख लाते हैं, जो उनके पास है। उन्होंने याद करने के लिए कहा है। और प्रभु, मेरे हाथ भी ऊपर उठे हुए हैं। मैं प्रार्थना करता हूं, आप हम पर दया करें। आप हमारी आवश्यकताओ को जानते हैं, और हम प्रार्थना करते है, जैसे आपने हमें प्रार्थना करने के लिए सिखाया है, “तेरा राज्य आए, तेरी इच्छा धरती पर पूरी हो जाए, जैसे स्वर्ग में पूरी होती है।” पिता, हम आज रात आजादी की आत्मा के लिए दया को मांगते हैं, जिससे की हम लोगों को सुसमाचार की सचाई की ओर ला सके और जो हमें इस घड़ी के संदेश पर विश्वास करना है, आपकी कलीसिया के लिए। प्रभु हम प्रार्थना करते हैं कि हम उस कलीसिया का भाग है, जिसे अंतिम दिनों में बाहर बुलाया जाना है! पिता, यदि हम उसका भाग नहीं है तो, तब हम पर प्रकट किजीये, हमें उसका भाग होने के लिए क्या करना होगा। और हमें अनुग्रह और सामर्थ दे, इस परीक्षा की घड़ी में, जो धरती पर है, उन हर एक को परखे, जो यहां पर उपस्थित है। हमें तेरी पवित्र आत्मा दे ताकि हमारी अगुवाई करें और नेतृत्व करें, जिससे हम अतः, अंत समय पर पहुंच सके, शांति में तेरे पास आ सके, अनंत जीवन के लिए, जिसे आदि के समय से लेकर उन सारे विश्वासीयो ने आगे की ओर देख चुके है। हमारी सहायता करे, प्रभु। हम यीशु के नाम में मांगते हैं। आमीन।

आप लोग बैठ सकते हैं।

3 मैं सचमुच में सौभाग्य के लिए आभारी हूं, जो आज रात—आज रात यहां पर है, और परमेश्वर के अनुग्रह के लिए आभारी हूं, जिसे यीशु मसीह के जरिए से दिया गया है।

4 और फिर आज सुबह के संदेश के बारे में, अब, मैं चाहता हूँ हर एक जन पूरी तरह से समझ जाये। अब, मैं परमेश्वर पर भरोसा कर रहा हूं कि

क्या यह वो समय नही है। समझे? लेकिन संदेश सच्चाई है। संदेश सत्य है। यह होगा, यह किसी समय तो होगा, यदि ये वो समय नही है तो। और यह इतना उस समय जैसा दिखाई देता है, जब तक मैं उस पहले के पौलुस जैसा अनुभूति नही करता, जिसने कहा, "क्योंकि मैं परमेश्वर की सारी मनसा को तुम्हें पूरी रीति से बनाने से न झिझका," देखो, हर एक चीज को किया जाना है।

5 वहां एक बात थी, जिसे मैंने आज सुबह को किया, जिसके लिए मैं क्षमा चाहता हूं कि मैंने एक भाई के नाम को लिया, जो मैं सोचता हूं कि यह गलती है। मुझे ऐसा नहीं करना चाहिए था। मुझे कभी भी किसी व्यक्ति के नाम को नही लेना चाहिए; और यदि यह टेप उस व्यक्ति के हाथों में चला जायेगा तो। और मैं उससे मिलकर और उससे बात करना चाहता हूं, क्योंकि मैं सोचता हूं वो भाई एक बड़ा व्यक्ति है, एक भला मनुष्य है, जिन्होंने आज रात ठीक यहाँ पर प्रचार किया है, जो भाई डेविड डूप्लेसेस है। और मेरा उनका नाम लेने का कोई उद्देश्य नहीं था। मैं संदेश और इत्यादि के बारे में चिंतीत था, और इस बारे में कि क्या हो यदि यह वो समय होता है तो और मैंने भाई के नाम को ले लिया। मुझे ऐसा नहीं करना चाहिए था। मुझे क्षमा करना क्योंकि मैंने ऐसा किया। मैं भाई डेवीड डुप्लेसेस से प्रेम करता हूं। वह हमारे भाई हैं, और मैं—मैं सोचता हूँ कि इस प्रकार के एक निपुण व्यक्ति जो वचन में और अधिक प्रशिक्षित होने चाहिये।

मैं आप को बताना चाहता हूं, यह क्या है। यह डेविड और मेरे बीच में बात हुई थी...

6 उसने एक बार सभाओ में मेरे बारे में कहा था। उसने ठीक यहां इस पुलपीट से या उस पुरानी कलीसिया, ठीक यहां पुलपीट से प्रचार किया था। और उसके भाई जस्टस, वो मेरे साउथ अफ्रीका में अनुवादक थे, जहां मैं वापस जा रहा हूं। और वह बहुत ही अच्छे परिवार से थे, एक पेंटीकोस्टल घराने से, एक सच्चे अच्छे व्यक्ति है। डेविड, जो मैं सोचता हूं वह एक समय, वर्ल्ड पेंटेकोस्टल असेम्बली के चेयरमेन थे, और पेंटीकोस्टल वर्ल्ड कॉन्फ्रेंस में थे। वह एक चेयरमैन थे। और बाद में वो आकर और यूनाइटेड स्टेट में बस गए, टेक्सास में भाई गोल्डन लिंडसे के साथ थे, और फिर बस उन्होंने विभिन्न जगहों में प्रचार को करना आरंभकर दिया था।

7 लेकिन यह क्या था, मैं सोचता हूं जहाँ हमारे बहुमूल्य भाई ने गलती की; बिल्कुल जैसे मैंने गलती की है या कोई भी करता है, उन्होंने ज्यादा और ज्यादा कहना आरंभ किया। उन्होंने प्रिंसटन यूनिवर्सिटी और उन स्थानों के बारे में बोलना जारी रखा, जिन्होंने उन्हें निमंत्रण किया था, वे समझ रहे थे जो वो कर रहे है वो सही है, और एक प्रकार के आनंद को अदान–प्रदान कर रहे है!

इतना ही नही लेकिन फुल गोस्पल बिजनेसमैन, जिन्होंने दुनिया भर—भर में, मेरी सभा को आयोजित किया है। देखा? मैं—मैं उन लोगों से प्रेम करता हूं, देखो, लेकिन मैं निश्चय ही उनके साथ सहमत नहीं होता हूं, जो सिद्धांत उनके—उनके पास है... वे वहां से हट गए है, जो सिद्धांत उनके पास थे, जहाँ से उन्होंने आरंभ किया था, और अब वे उन बाकी की दुसरी संप्रदाय या—या जो कुछ भी है उनकी तरह बनते जा रहे है। समझे? और यह क्या है, वे पेंटीकोस्टल बने रहने की कोशिश नहीं करते हैं, लेकिन वह मिले–जुले पेंटेकोस्टल और इन बाकी के साथ एकत्र होने की कोशिश कर रहे हैं।

8 और यह मुझे उस भाई डुप्लेसेंस के जैसा दिखता है, एक तरह के बहुत भले, सभ्य व्यक्ति, जो वचन के बारे में अधिक जानते होंगे कि जब वो देखते है कि सोई हुई मूर्ख कुवारियां तेल को खरीदने की कोशिश कर रही थी, समय बीत गया। देखा? ध्यान रखना, जब वो तेल को लेने को आई, वहां कोई तेल नहीं बचा था। यह वचन है। और उसने कहा, "हमें तुम्हारा तेल दो," उस कलिसिया के लिए, लेकिन उसने इसे ग्रहण नही किया। वो हो सकता है, ऊपर और नीचे कुदी होगी, अन्य भाषा में बोली होगी, और जो कुछ भी है, लेकिन परमेश्वर के खुद के वचन के अनुसार उसने इसे ग्रहण नही किया। और वो वहां बाहरी अंधकार के अंदर थी; और वहां पर रोना, दर्द, और दातों का पीसना था, जब चुनी हुई दुल्हन अन्दर चली गयी। और सयानी कुंवारी के पास दिये में तेल था।

9 अब मैं—मैं एक और व्यक्ति को जानता हूं, एक समय ऐसा ही कुछ तो घटित हुआ। यह क्या है, इन भले लोगो को, देखो, जरा कुछ लेते है, आप समझ रहे हैं कि मेरा क्या मतलब है, लोगों के ऊपर थोड़ी सी पकड़ रखते है। और पहली चीज आप जानते हैं कि वे समझते हैं कि यह परमेश्वर कर रहा है। और बहुत सी बार, यह शैतान कर रहा होता है। देखा?

10 यीशु के पास हेरोदस के सामने आने का एक मौका था; उसके पास बहुतों के सामने आने मौका था, और उन्होंने उसे तमाशा करने के लिए इस्तेमाल करना चाहा। देखा?

यही सब वे सारे पेंटीकॉस्ट के लिए करने की कोशिश कर रहे हैं। पेंटीकॉस्ट उन चीजों से बाहर आते है, ताकि भिन्न बने। "और जैसे कि सुअर उसके कीचड़ में और एक कुत्ता अपनी छाँट को चाटता है, फिर से वापस मुड जाते है," और अब वे दुनियावी परिषद में है। देखा? यह बहुत ही ख़राब बात है। यह एक शर्मनाक बात है।

11 परमेश्वर मुझे छोटा और नम्र बनाए रखे, इसलिए कि वह उसकी सच्चाई को प्रकट कर सकता है। समझे? मैं कभी इसे नही करना चाहूंगा; कोई चमक–दमक उजियाला नही, और संसार के लिए कोई दमकना और प्रकाश का फैलना नही है। मुझे प्रभु के इन चंद तुच्छ लोगो के साथ राह पकड़ना है। मुझे वचन के साथ बने रहना है।

12 अब दुनियायी परिषद के बारे में बात करते हुए, जो वेटिकन के साथ जुड़ रही है। क्या आप विश्वास करते हैं कि वे वचन को लेकर जुड़ सकते हैं? वे संप्रदाय में हो सकते है, लेकिन वे वचन पर नही हो सकते है। समझे? यह सही बात है। इसलिए वहां समझोता करने के लिए कुछ नही है। देखा? एक संप्रदाय, यह सब एक से ही है, सबकुछ एक सा ही है, यह सही रुप से एक ही शैली में है, वे मां और बेटी है। लेकिन जब यह वचन के लिए बात आती है, मैं बस, दृढ होकर मेथोडिस्ट के विरोध में हूं, बैप्टिस्ट और प्रेसबीटेरियन के विरोध में हूं, वैसे ही जैसे मैं कैथोलिसम के विरोध में हूँ, कारण यह मां और बेटी ही है, इस वचन के अनुसार। यही वो वचन है जिस पर मैं खड़ा हूं, देखो, *यह*, इसका हर एक वचन।

13 अब, ये बहुमूल्य भाई, वो और उसकी पत्नी, मेरे नजदीकी मित्र है। आप में से बहुतों ने किताब (मैगजिन) में देखा है, जहाँ कैसे वो परमेश्वर के भेजे हुए बहुमूल्य भाई जो अपनी पत्नी को ऐसा करने देते है... किसी ने उस बहन से कहा, कि वह जैकलीन कैनेडी के जैसी दिखाई देती है और उसने उनमें से एक की तरह बहुत विशाल बालों की शैली और इत्यादि को बनाये रखा है। यह क्या है? वो हर समय उस तरह के लोगो के साथ मिलती जुलती रहती थी, और अतः...

एक अच्छा पुरुष एक बुरी स्त्री को लेता है, या तो वो एक अच्छी स्त्री बन जाएगी... मेरा मतलब, एक अच्छा पुरुष एक बुरी स्त्री को लेता है, या तो वह एक अच्छी स्त्री बन जाएगी या वो एक बुरा पुरुष बन जाएगा। आप मुझे अपनी संगती को दिखाये, मैं आपको बताऊंगा कि आप किस तरह के व्यक्ति है। समझे? एक ही तरह के पंख के पक्षी, एक साथ इकट्ठा होते है। उन चमकदार चीजों से दूर रहो!

14 मैं एक दिन पहाड़ के सबसे ऊपर खदान में नीचे उतरकर गया, जो एरिजोना और—और मेक्सिको के मार्ग पर है। भाई सोथमेन और मैं, जो यहां पर बैठे हुए हैं, हम वहां ऊपर एकसाथ थे। और मैं वहां पर गया और मैंने कुछ ढेर खोद निकाला... यह बिल्कुल ठीक सोने के जैसा ही दिखाई देता था। लेकिन एक ही तरीके से इसे आप कह सकते हैं, कि यह सोना नहीं है, यह सोने से भी ज्यादा चमकदार होता है। यह चमकता है। और सोना चमकता नहीं है, यह उज्वल होता है। समझे? और इसे, "धोखे का सोना" कहते है। इसका मूल्य उस पत्थर से भी ज्यादा नही है। इसे लोह स्वर्णमक्षीक कहते हैं। मैं सोचता हूं... वैज्ञानिक लोग दावा करते हैं कि पानी और रसीला प्रदार्थ, और अन्य दुसरे प्रदार्थ इतने अधिक नहीं होते है कि इसे कड़क बनाये और उस स्थान लाये कि यह सोना बन सके। इसलिए यह—यह ज्यादा चमकदार होता है, लेकिन इसके अंदर कोई रसायन नही होता है।

और बस इसी तरह से बहुत सारे कहलाने वाले विश्वासी मसीह है, देखो यह हॉलीवुड की तरह चमकेंगे, लेकिन कलीसिया सुसमाचार के साथ उज्वल होती है।

15 अब यहां पर कुछ बहने, बिली ने मुझे अभी दिखाया, काफी अच्छी बात समझी कि जाकर, इस *लाइफ किताब* (मेगजीन) की तस्वीर को खींचे, जो उस सात दूतों की है, और इस तस्वीर को लेकर और मुझे भेजा है। यह वो तस्वीर है। और अब यदि आप यहां पर ध्यान दे, जैसे ही ये यहाँ से छोड़ कर जा रहा था, वापस ऊपर की ओर, जब दूतो ने उनके संदेश को लाया था, यह पिरामिड के आकार में था; बिल्कुल ठीक वैसे ही जैसे मैंने आपको पहले बताया था, इसके घटित होने के तीन महीने पहले कि ये ऐसा होगा। क्या यह सही है? [सभा कहती है, "आमीन।"—सम्पा।]

और सबसे आकर्षित दूत, जो अपने पंखों को पीछे किये हुए इस तरह से पीछे की ओर फैलाए हुए था, आपको याद है? "और उसका यह सर था... इस गती में आता हुआ।" क्या आप *वहां* पर पंखों को भी नही देखते हैं? और *वहां* पर वे दूत थे, बिल्कुल उसी तरह से जैसे बताया था।

16 अब, केवल परमेश्वर ही इसे कर सकता है। उनके यहां भी एक तस्वीर पड़ी हुई है, एक स्त्री की जिसने कहा... बहुत सी बार, लोग कहते हैं...

17 विवेक में आकर कहते है, यह व्यक्ति मृत्यु की छाया में है, एक घोर अंधकार।

18 अब वे कहते हैं, "तो ठीक है, उसने इसे ऐसे ही कहा होगा।" देखो, यही वे लोग हैं जो आगे की ओर नहीं जा सकते हैं, वे इसे नहीं देख सकते हैं। वह आपके साथ चिल्ला सकते हैं, वे—वे आप के साथ बात कर सकते है; लेकिन जब इस सब पर सचमुच विश्वास करने की बात आती है, संपूर्ण शरीर और मन से, वे इसे नहीं कर सकते हैं।

इसलिए, लेकिन आप देखते हैं, यदि परमेश्वर इसमें है, और सच्चाई को बता रहा हैं, यह इतिहास का अंतिम समय है। यह संसार के इतिहास का अंत है। यह समाप्त हो रहा है। अब किसी दिन और समय नही रहेगा। परमेश्वर हर एक चीज को प्रमाणित कर रहा है, दोनों ही, आत्मिक रूप से और वैज्ञानिक रूप से।

19 जब मैंने कहा, एक छोटा लड़का था, "एक उजाले का स्तंभ, जो एक तारे की नाई दिखता है।"

20 कितने लोगों को याद है, पहले के समय में वह हमेशा इसे "तारा" कह कर बुलाते थे? जब यह यहां नीचे नदी पर दिखाई दिया, उसने कहा, "जैसे युहन्ना बप्तिस्मा देने वाले को भेजा... "

21 अब, अतः, नीचे उतर आया, और इसकी तस्वीर को लिया गया था। हमारे पास हमेशा वो तस्वीर होती है, जो कहीं पर तो है। जी हां, वे कहते हैं वहां ऊपर कोने पर है; मैं इसे नहीं देख सकता हूं। वैज्ञानिक रूप से यह साबित होता है कि यह सच्चाई है।

22 और अब और लोग कह रहे थे कि, "छाया।" अब यहां पर एक स्त्री थी, जिसकी एक तस्वीर है। वहां पर साधारण तरह से जैसे कोई दूसरी तस्वीर होती है; जैसे किसी एक ने इस एक तस्वीर को लिया, उस एक

मशीन (कैमरा) से। मैंने कहा... एक व्यक्ति उस बारे में सोच रहा था। और मैंने उस स्त्री से कहा, "तुम मृत्यु की छाया के नीचे हो, जो कैंसर है। वहां पर एक गहरी परछाई है।" और उस स्त्री ने मुड़कर और तस्वीर को लिया। और वो स्त्री उस बात को बताने के लिए यहाँ पर थी, और हो सकता है आज रात को वो स्त्री यहाँ पर ही हो, जहां तक मैं समझता हूं। देखा?

अब *वहां* पर स्त्री उसके ऊपर एक काले टोप की तरह है। तो ठीक है, अब, वहां पर वैज्ञानीक तौर से यह साबित होता है कि यह सच्चाई है। और उस स्त्री को तुरंत ही बताने के बाद, कहा, "सही है" उन्होंने तस्वीर को लिया, और कैंसर वहां पर नही था। तब उस लेंस (कांच) पर क्या आया था? और जो छोड़कर जा चूका था, उसके उस लेंस पर नहीं आया, जब उसे यह कहा गया वो चंगी हो गई थी? देखा?

अब, यहां खड़े होकर, आपको बताया था कि वे दूत आ रहे थे।

23 भाई फ्रेड, उसमें से एक है... मैंने भाई फ्रेड को कुछ समय पहले देखा था। मैंने सोचता हूँ कि वे ठीक यही पर थे, लेकिन वो मुझसे कही तो ओझल हो गए है। वहां पीछे है, तो ठीक है। जहां पर मैं था मुझसे वे दो मील की दूरी के अन्दर खड़े थे या डेढ मील की दूरी के अन्तर या दो मील के अन्दर ही खड़े थे; विस्फोट को सुना, हिलावट को महसूस किया और वो जो कुछ भी है, जब ऐसा हुआ था। यह सही है, भाई फ्रेड?

और वहां पर वे दूत थे, जिन्हें जीवन संदेश के साथ वापस भेजा गया था। और यहां यह पिरामिड के आकार में भी थे, जैसे मैंने आप को दिखाया था यहाँ पर जो होगा, आपको बताया था, वहां पर खड़े होंगे, मेरे जाने से पहले।

तस्वीर के बाद तस्वीर को सारे देश भर में ली गयी, मेक्सिको में इसे मापा गया, और ये तीस मील ऊँचा, और इसकी सताईस मील चौडाई थी। और ये इतनी ऊंचाई पर था, कि यहाँ तक कोई नमी भी नही थी... नमी लगभग आठ या नौ मील की ऊंचाई से ऊपर नही होती है, वे ऐसी जगह पर थे जहाँ पर नमी नही बनती है। समझे? और ऐसा था, मैं सोचता हूं, या तो ये सताईस मील ऊँचा था और तीस मील चौड़ा था, या तो ये सताइस... तीस मील ऊँचा था और सताइस मील चौड़ा था, दोनों में से एक। *लाइफ* मैगज़ीन में इसे छापा है या *लुक* मैगज़ीन में। ये कौन सा था,

लुक या लाइफ? लाइफ, लाइफ मैगज़ीन में। मैं सोचता हूं मई सत्रह को इसे प्रकाशित किया गया। ऐसा ही है।

24 अब यहां पर है ये, वैज्ञानिक रूप से इसे साबित किया गया है कि यह सच्चाई है, इसलिए हम परवाह नहीं करते कि ये सच्चाई है कि नही है; दोनों में, वैज्ञानिक रूप से, आत्मिक रूप से, जो कहा गया था, वो पूरा हुआ है। इसलिए सात मोहरों का संदेश, अपने समाप्ती पर है, यही संपूर्ण बाइबल का संदेश है। सात मोहरे नये करार को समाप्त करती है, और इसे मुहर बंद करती है। यह सच्चाई है। हम जानते हैं, ये ही है नबी के द्वारा बोला गया, विज्ञान के द्वारा और वचन के द्वारा बताया गया है। तीन इसकी गवाही दे देते है, कि यही सच्चाई है।

25 इसलिए हम जानते हैं कि हम अंतिम समय पर हैं। हम यहां पर है। मैं नहीं जानता और कितना समय है, मैं—मैं... वह हमें यह कभी नहीं बताएगा, क्योंकि उस का आगमन "एक रात के चोर की नाई होगा।" मेरे मित्रों, मेरे भाइयों, बहनों इसके बावजूद हम बस तैयार हो जाए। आइये, खुद को पवित्र करें। क्योंकि संसार आगे बढ़ता जाएगा। वे जानेंगे भी नही कि ये घटित हो चूका है। जब दया के दरवाजे बंद हो जाएंगे, प्रचारक उद्धार का प्रचार करेंगे, लोगों का पश्चाताप का कारण होगा, ऐसा—ऐसा ही होता रहेगा, बिल्कुल वैसे ही जैसा ये हमेशा ही होता आया है। दूसरे युगो में किया गया और इसे किया... इस युग में किया जाएगा।

और रेपचर अचानक और इतना जल्द होगा, जिन्हें संसार कभी याद भी नही करेगा, कि वह चले गए है। सही है। वे इसके बारे में कुछ जानेंगे भी नही। वह आकर और उसे उठाकर ले जाएगा। वो चली जाएगी, वो इसके बारे में कुछ भी नही जानेगे।

इसलिए प्रार्थना में रहना। मेरे लिए प्रार्थना करना। मैं आपके लिए प्रार्थना करुंगा। हम नहीं जानते वो कौन सी घडी होगी, लेकिन हम विश्वास करते हैं कि ये बहुत ही जल्द होगा। उन चमकती हुई चीजों से दूर रहें। सुसमाचार के साथ बने रहे। अब, ठीक वही पर बने रहें, देखो, और प्रार्थना करे।

26 अब बिली ने मुझे यहां पर एक चिट्ठी लिखी है, या मेरा मतलब कुछ लिख कर दिया है, और कहा है कि कोई तो एक बालक का समर्पण करवाना चाहता है। यदि ये ठीक है तो (क्या है?) अपने हाथ को उठाए, यदि कोई...

जी हां, दो बालक है। तो ठीक है, यहां उन्हें ऊपर लेकर आए। और भाई नेविल... और मैं सोचता हूं, यदि हमारी बहन यहां कुछ समय के लिए प्यानो पर आयेगी, इन बालक के समर्पण के लिए। हम कुछ भी चीज छोड़ना नहीं चाहते हैं।

27 अब, याद रखना, कल रात इसी समय पर प्रभु ने चाहा तो, मैं न्यूयॉर्क शहर में रहूंगा। हम वहां पर युद्ध भूमि पर जा रहे हैं, "हमें लड़ना है, विश्वास की अच्छी लड़ाई को लड़ना है।"

28 तो, बहन जरा, यहां पर आ जायेंगी। ठीक यहां पर, सामने आ जाए और मैं बचो को उठा लूंगा। हां, महाशया। धन्यवाद। और अब हम...

29 कितने लोग मेरे लिए प्रार्थना करेंगे? [सभा कहती है "आमीन।"—सम्पा।] अब, प्रभु की इच्छा हुई तो; जो, मैं आशा करता हूं, वो है; एक रविवार को... यदि भाई नेविल सभा को ले लेंगे। [भाई नेविल कहते है, "ये ठीक है।"] रविवार, एक हफ्ते के बाद, मैं फिर से वापस आकर और लोइसआना जाते हुए, यहाँ रूककर कलीसिया में एक सभा को ले लूंगा ["आमीन।"]

30 मैं आप लोगों की दयालुता के लिए धन्यवाद देना चाहता हूं। सुबह को जिस महिला ने मेरे लिए वहां कैंडी (मिठाई) को दिया, मैं—मैं इसकी सराहना करता हूं। मैं नहीं जानता कि वह महिला कौन थी। किसी ने तो मुझे कैंडी का बक्सा दिया और किसी ने एक तरह के पफ बॉल को दिया। यह सचमुच में, जो वास्तव में ही लाजवाब है। मैंने अब इसे बहुत खाया है, और मैं—मैं आपको धन्यवाद देता हूं। और आप सोचते कि ये चीजें कुछ ज्यादा मायने नही रखती है? निश्चय ही रखती है; जो से छोटे-छोटे प्रतिक है। और विभिन्न लोग उनकी अपनी छोटी प्रेम की भेंटो को देते है। और बिली को बताते है, और उसे उन चीजों को देते है। मुझे—मुझे ये मिलती है, देखो। आप नहीं जानते, मैं इसकी कितनी सराहना करता हूं! परमेश्वर आपको आशीष दे। मैं इसे याद रखूंगा, देखो, वो इसे कितना अधिक याद रखेगा। "तुम ने जो इन छोटे से छोटों में से किसी एक के साथ किया, तुमने इसे मेरे साथ किया है।" समझे? अब, दया दिखाई जाएगी, दया दी गयी है तो।

31 अब, हमारे पास यहां पर कोमल छोटे बालक है। क्या आप... मैं चाहता हूं आप वहीं पर खड़े रहे और उसके बाद में गीत को गाये *उन्हें अंदर लेकर आओ*। तो ठीक है, भाइ लोग कुछ मिनट के लिए यहां पर आ जाये।

ओह, यहां पहला बालक है, इसकी दोनों भूरी आंखें मेरी ओर देख रही है, बहुत ही बड़ी प्यारी मुस्कुराहट को देते हुए। छोटी लड़की, इसका क्या... [मां कहती है, "शारोन रोस। शारोन रोस।"—सम्पा।] यह एक मेरे लिए एक सर्वोतम नाम है। ["भाई ब्रन्हम हमने इसका नाम रखा आप की लड़की के बाद रखा है।"] मेरी छोटी लड़की के जाने के बाद। ["भाई ब्रन्हम, हमने इसका नाम उसके जन्म होने से भी पहले रखा था।"] इसका नाम इसके जन्म होने से पहले रखा गया, यदि एक छोटी लड़की होगी तो उसका नाम शारोन रोस रखना। ["हमें पता था कि वह एक लड़की होगी, उसे एक लड़की होना था।"] लड़की होना था। ["शारोन रोस गुडमैन।"]

क्या आप जानते हैं? मैं नहीं जानता कि आप इसे जानते हैं या नही; यदि मेरी पत्नी यहां पर खड़ी होती थी, तो निश्चय ही वो लगभग चकित हो जाती थी। बिल्कुल इसी तरह के कपड़े मेरी छोटी लड़की ने पहने थे जब उस का समर्पण हुआ था, छोटी शारोन रोस ने। यह एक हो सकता है... होने पाए ये एक जीवित रहे; जहां, परमेश्वर ने मेरी ले ली।

आपका अंतिम नाम क्या है? [मां कहती है, "गुडमैन।"] श्रीमती और... क्या आप यही इसी शहर से हैं? ["शिकागो।"] शिकागो से है। भाई और बहन गुडमैन, प्रभु आपको आशीष दे।

आप जानते हैं मेरी छोटी शारोन ऐसी ही दिखाई देती थी। मैं नहीं समझता हूं यहां पर हर किसी को याद होगा कि वह कैसी दिखाई देती थी। उसकी ऐसी ही छोटी भूरी बड़ी आंखे थी, उसकी मां के जैसी, सचमुच प्यारी छोटी लड़की जिसके काले बाल थे। बस लगभग...

इस बच्ची की उम्र क्या है? [मां कहती है, "पांच महीने।"—सम्पा।] पांच महीने की है। वो आठ महीने की थी, जब परमेश्वर ने उसे ऊपर बुला लिया। मैंने उसे कुछ समय के बाद देखा है। आप उस बात को जानते हैं। ["हमारे घर पर है जो टेप पर बताया था।"] आपके पास घर पर है, जो टेप पर बताया था।

शारोन रोस (शब्द) वचन से है। मैंने इसे "गुलाब (रोस) जो शारोन का है" (Rose of Sharon) से उल्टा कर दिया है। और उसे एक छोटी

बच्ची की उसकी वेदी पर आवश्यकता थी, इसलिए उसने इसे उठा लिया। देखा? और मैं उसके साथ फिर से होऊंगा। होने पाए, आपकी छोटी शारोन जीये ताकि उस जीवन को पूरा करें जो उसे इस धरती पर जीना है। और होने पाए वो आपके साथ महिमा में होगी, जैसे मैं महसूस करता हूं कि मेरी शारोन मेरे साथ होगी।

तुम कैसी हो? देखा? आप उसके साथ कुछ मित्रता पूर्व बात करें, इसे देखे! वो बस मुस्कुरा देगी।

हमारे सिरों को झुकाएंगे।

प्रिय परमेश्वर, जैसे मैंने इस छोटी बहुमूल्य, छोटी शारोन को पकड़ा है। आप मेरे हृदय को जानते है, प्रभु, मैं क्या सोच रहा हूं, तो मुझे इसे व्यक्त करने की आवश्यकता नहीं है। प्रभु परमेश्वर धन्य है, जो इस छोटे से रत्नों को हमारे हृदय के लिए देता है! इस गुडमेन घराने को आशीष देना। होने पाए माता–पिता आदर को पाए, जो वे हुए है, इस रत्न के घर में आने से। होने पाए ये उनके घर में बने रहें, प्रभु। यदि वहां पर एक आने वाला कल है तो, इसे उस कल के लिए एक आदरणीय महिला बनाना।

और अब, प्रभु परमेश्वर, आज्ञाकारी होने में, आपने जो हमें करने के लिए आज्ञा दी है, आपके अपने उदाहरण के द्वारा, आपने अपने हाथों में बच्चों को लिया और उन्हें आशीषित किया और कहा, "उन बालको को मेरे पास आने दो।" और आपका सेवक होने के नाते उन्होंने बच्चों को मेरे पास लाया है, जैसे आपने कहा तुम सेवक लोग अपने काम को करते रहो। और यहां पर आपके सेवक खड़े हैं, भाई नेवील और भाई केप्स और मैं। और अब, प्रभु परमेश्वर माता और पिता के हाथो से हम आपको छोटी शारोन रोस गुडमेन को देते हैं, जिसे हम सेवा के जीवन के लिए अर्पित करते हैं, यीशु मसीह के नाम में। आमीन।

परमेश्वर आपको आशीष दे! ["हमारे पास घर में पांच और बालक है, दो लड़कियां और दो लड़के।"—सम्पा।] पांच छोटे बालक, इसके अलावा और है! ["हाँ।"] कितना सुंदर है! परमेश्वर आपको आशीष दे भाई गुडमेन, परमेश्वर आपको आशीष दे, बहन गुडमेन। और होने पाए परमेश्वर छोटी शारोन को आशीष दे।

आप कैसे है, भाई? अब आइए देखें, मैं—मैं कहता हूँ... अर्नेट। [पिता कहता है, "अर्नेट।"—सम्पा।] अर्नेट, अर्नेट। यह सही है। ["नाम को

रखा—आपके बाद नाम को रखा।”] क्या यह सही है? विलियम, विलियम अर्नेट? [“जेम्स विलियम अर्नेट।”] जेम्स विलियम अर्नेट। यह एक प्यारा सा लड़का है। आप जानते हैं, कुछ बात हम में पहले से एक जैसी है, इसमें और मुझ में; हमारे नाम और हमारे बालों की कुछ रूपरेखा एक जैसी है, आप देख रहे हैं। यह एक प्यारा लड़का है, जिम्मी। मैं सोचता हूं, आप इसे यही पुकारते होंगे, जेम्स? [“जेम्स।”] जेम्स, तब, ठीक है।

सोचता हूँ, क्या मैं उसे पकड़ सकता हूं? [“वह शायद आपके पास आएगा।”] मैं नहीं जानता। अब, जिम्मी, तो ठीक है, हम सच्चे मित्र है, क्या तुम यह जानते हो, क्या नहीं जानते? तो ठीक है।

आइये अपने सिरो को झुकाए।

प्रभु परमेश्वर, आपने इस घराने को इस छोटे प्यारे लड़के अर्नेट के घराने को आशीषित किया है। और मैं प्रार्थना करता हूं कि आप उसके पिता को, उसकी माता को और उसके प्रेमीजनों को आशीष देंगे। वे मसीही है। किस तरह से उसके पिता ने कितनी कठीनता से लड़ाई को लड़ा है, उन सिगरेट और विभिन्न चीजों से, उसमें... एक दिन ये “यहोवा यो कहता है” वाले वचन में से पाया। उस एक स्त्री के जैसे जो दृढ थी कि वो वहां पर पहुँच जायेगी। हालाँकि उसके व्यवसाय ने उसे विफल कर दिया, सबकुछ विफल होता दिखाई देने लगा, वह फिर भी उसके कुछ पैसों को लिए हुये था और इंटरव्यू के बाद इंटरव्यू के लिए रुका रहा, जब तक वो एक सुबह नहीं आ गयी, यह घटित हुआ। उसने विश्वास किया था कि ऐसा होगा।

अब उसने इस छोटे से लड़के को लाया है, जिससे आपने उसे आशीषित किया है, ओ परमेश्वर जो उनकी एकता का फल है। मैं इस छोटे जेम्स विलियम अर्नेट को यीशु मसीह के नाम में आशीष देता हूं। इसे एक लंबा जीवन देना। इसे आने वाले एक कल के सुसमाचार के लिए योग्य मनुष्य बनाना, यदि वहां कोई एक कल है तो। और, अतः उस राज्य में, जो आने वाला है, होने पाए हम सब वहां एक साथ रहे। मैं... आपके सेवको ने, हमने इस पर अपने हाथों को रखा है, और उसे यीशु मसीह के लिए इस जीवन की सेवा के लिए समर्पित करते हैं। आमीन।

आपको आशीष मिले। परमेश्वर आपको आशीष दे, भाई। और दो बालक है? ये भी वैसे ही है। तो ठीक है।

मैं सोचता हूं, आप मुझे उठा सकते है, बजाये इसके कि मै आपको उठाऊं। ये है... [भाई अर्नेट कहते है, “यह—यह है, एल।”—सम्पा।] अल्फ्रेड, एल और मार्था। इन्हें सभा की ओर घुमाये। मैं चाहता हूँ इन बच्चो को लोग देखे। मैं सोचता हूँ, जब वे छोटे होते है, बहुत ही प्यारे होते है।

अब, आइये इन पर अपने हाथों को रखें।

इसी तरह, सर्वसामर्थी परमेश्वर, हम आपके सेवक, अपने हाथों को इन बच्चो के ऊपर रखते है, यह छोटे भाई और बहन इस छोटे लड़के के जिसका यहाँ अभी समर्पण हुआ। हम अपने हाथों को उन पर एक—एक समर्पण के लिए रखते है, माता और पिता के हाथों से यीशु मसीह की बाँहों में, एक जीवन की सेवा के लिए, यीशु मसीह के नाम में। आमीन।

परमेश्वर आपको आशीष दे, एल और मार्था। बहन वास्तव में आपको फिर से देखकर अच्छा लगा। प्रभु आपके साथ हो।

यह छोटा बालक, सचमुच में एक प्यारा लड़का है। मैं ज्यादातर अपने बालो को ऐसे करने की कोशिश करता हूँ। देखा? इसका नाम क्या है? [पिता कहता है, “टेर्रल कैथ वॉकर।”—सम्पा।] केर... [“टेर्रल कैथ वॉकर।”] हेर्रल कैथ वॉकर। क्या ही प्यारा लड़का है!

मैं सोचता हूँ, मैं बस नहीं जानता, देखो। वो मुझे देखता है जैसे शायद मुझे जानता हो। मै सोचता हूँ, क्या मैं इसे उठा सकता हूँ? [बालक बात करता है।—सम्पा।] क्या ये ठीक है, कैथ? ओह, ये एक प्यारा सा लड़का है। निश्चय ही, क्या ये प्यारा सा लड़का नहीं है? हेरल। [माँ कहती है, “टेर्रल।”] हेरल, टेर्रल कैथ वॉकर।

सर्वसामर्थी परमेश्वर, माता–पिता की बाँहों से यीशु मसीह की बाँहों में, छोटे टेर्रल कैथ वॉकर को देते है, हम अपने हाथों को उस पर रखते हुए सर्वसामर्थी को समर्पित करते है। जैसे की माता और पिता की तीव्र इच्छा है कि बालक परमेश्वर के उपदेश में बढे। यदि कोई आने वाला एक कल है, इसे इस समर्पण के द्वारा योग्य सेवक बनाना, क्योंकि हम आपके सेवक, हमारे हाथों को इस बालक पर रखते है और इसे प्रभु यीशु मसीह को समर्पित करते है। आमीन।

आपको आशीष दे, भाई वॉकर। क्या ये बहन वॉकर है? [बहन वॉकर कहती है, “हाँ, श्रीमान।”—सम्पा।] ये सचमुच में अच्छा है। आपका लड़का प्यारा है, और होने पाये परमेश्वर आपको आशीष दे।

[भाई ग्रम्बी भाई ब्रन्हम से बात करते है।—सम्पा।] तो ठीक है, श्रीमान। [भाई ग्रम्बी निरंतर बात करते है] जी हाँ। ["और उसके लिए प्रार्थना की थी जब उसने जन्म लिया था, उसके जबड़े में गांठ थी, जब उसने जन्म लिया और आपने उसके लिए प्रार्थना की और वो गांठ तुरंत ही चली गयी।"] यह छोटी लड़की हमारे भाई ग्रिम्स्ले की… [भाई कहते है, "ग्रम्बी।"] ग्रम्बी, मैंने—मैंने इन नामो को मिला दिया है। हमारे एक भाई ग्रिम्स्ले भी है। मैं उनको सोच रहा था… भाई ग्रम्बी ने इस छोटी लड़की को लाया था। और जब इस लड़की ने जन्म लिया था, इसके चेहरे पर एक बड़ी गांठ थी। और मैंने उसके लिए प्रार्थना की और वो गांठ चली गयी और अब वे प्रार्थना करवाना चाहते है, क्योंकि… क्या इसके माता–पिता मसीही है? ["वे मसीही नही है।"] वे मसीही नही है। और वे डरते है कि एक दुष्ट आत्मा उस बालक को पकड रही है, वे इसे निकालना चाहते है।

आइये प्रार्थना करें।

प्रभु यीशु, इस छोटे बालक पर, जैसे यह वेदी के सहारे है… जहाँ आपने अपने अनुग्रह को दिखाया है, आपने उस टयुमर को जो उसके मुंह में था उसे निकाला है। अब एक दुष्ट आत्मा बालक के जीवन को लेने की कोशिश कर रही है। कोई संदेह नहीं, लेकिन आप इस लड़की का इस्तेमाल कर सकते है और ऐसा करने की योजना कर रहे है, और शैतान इस योजना को बिगाड़ने की कोशिश कर रहा है। इसलिए हम यीशु मसीह के नाम में शैतान को आज्ञा देते है, कि अपने—अपने हाथों को हटा ले और अपने आप को इस बालक से दूर रखे; जब हम इस बच्ची को प्रभु यीशु मसीह को देते है, परमेश्वर की महिमा के लिए। आमीन।

भाई ग्रम्बी आप विश्वास करे। यह बालक विश्वास करने के लिए बहुत ही छोटा है, लेकिन ये ठीक हो जायेगा।

32 मैं उससे प्रेम करता हूँ। क्या आप नहीं करते? [सभा कहती है, "आमीन।"—सम्पा।] वो अद्भुत है।

अब, हर एक जन, मैं आज रात वादा करता हूँ कि साढ़े आठ निकल जाऊंगा, तो मुझे आधा घंटा मिलता है। मैं अभी इसके बारे में नहीं जानता हूँ, हो सकता है मैं बाद में उससे कुछ ज्यादा समय और ले लूँ। लेकिन आइये अब हम…

33 यहाँ आज सुबह मैं भाई डोच को देखकर खुश हूँ। मैं नहीं जानता दूसरा व्यक्ति कहाँ चला गया; लेकिन आज सुबह, उनके साथ हमेशा ही एक और व्यक्ति रहता है, वहां एक व्यक्ति ठीक उनके पास ही बैठा था, मैंने कहा, "भाई डोच कौन से है? " मैंने आगे और पीछे देखा और मैं उनका नाम लेने जा रहा था; और मैं सन्देश में इतना लीन हो गया था। आप जानते है भाई डोच आप बिल्कुल वैसे ही दिखते है, जैसे आप हमेशा से ही थे। मैं उन्हें इस स्थिती में देखकर बहुत ही खुश हूँ।

34 अभी हाल ही में, मुझे वहां टयुसान से फ़ोन आया, उसके लिए मैं फिर से प्रार्थना करूँ, उन्हें कुछ तो और ही हुआ था। भाई डोच, मैं सोचता हूँ उनकी उम्र नब्बे या इन्क्यानवे वर्ष है। नब्बे वर्ष के है, मैं सोचता हूँ या इन्क्यानवे वर्ष के। और आपका शरीर थक जाता है। "लेकिन बहुत से धर्म के कारण सताए जाते है, लेकिन परमेश्वर उन्हें उन सब से छुड़ायेगा।" और कभी–कभी जब शरीर एक ऐसे स्थान पर आ जाता है, जहाँ पर कुल मिलाकर असंतुलित हो जाता है, मैं जानता हूँ वो एक हाथों को पकडे हुए होता है। तू एक मिट्टी के डेरे में हो, परमेश्वर ने अंतिम दिनों में फिर से खड़ा करने की प्रतिज्ञा की है। और मैं बहुत ही धन्यवादित हूँ ।

35 मुझे याद है भाई डोच, जब यहाँ इस तलाब में यीशु मसीह के नाम से बप्तिस्मा लेने को आये और उनके पास बपतिस्मे के लिए कपडे भी नहीं थें, लेकिन फिर भी वो जाना चाहते थे। और परमेश्वर उस व्यक्ति के लिए अनुग्रहकारी रहा था। जरा सोचे, उसे बीस वर्षो से ऊपर समय हो गया परमेश्वर ने उससे प्रतिज्ञा की थी। क्या होता, यदि अनुग्रह नहीं होता तो!

और अब भी, एक दिन वो पूरी तरह से दिल का दौरा पड़ने से पड़े हुए थे, और देखो, दिल का दौरा, उससे बढकर था। और यदि परमेश्वर ने उस व्यक्ति को चंगा नहीं किया होता, और वहां से तुरंत यहाँ नही लाया होता। और मैं सोचता हूँ, जब उनका डॉक्टर मर गया था। क्या यह सही है? मैं... जी हाँ, यहाँ तक कि डॉक्टर, वो यहूदी डॉक्टर था, जो उनका इलाज कर रहा था और इत्यादि, और उसने उस बड़े कमरे में खड़े होकर, उसके बारे में मुझसे बात की, वो सब कुछ कर चूका था। समझे?

ओह, कितना अधिक, आपका प्रेम कितना गहरा है, ओह प्रभु! आपका प्रेम कितना महान है!

36 अब, हमारे पास यहाँ पर कुछ रुमाल है, जिस पर हम कुछ समय में प्रार्थना करेंगे। लेकिन मैं विश्वास पर थोडा कुछ बोलने जा रहा हूँ, और फिर हम देखेंगे परमेश्वर क्या अगुवाई करता है, उसके बाद हमें क्या करना है। तो ठीक है, आइये हम इसे उस पर छोड़ देते है, यही सबसे अच्छा तरीका है। ओह, एक साथ स्वर्गीय स्थानो में बैठे रहना!

37 मैं आज वहां ब्लू बोअर से आने के बाद अपने कुछ मित्रो से बातें कर रहा था। और मैंने कहा, "क्या आप सभा के लिए रुकेंगे? "

38 "जी, हाँ।"

39 मैंने कहा, "आपको निश्चय ही बारह या एक बजे तक गाड़ी चलाना होगा।" वे उनके घर सुबह लगभग छह बजे तक पहुँचने की अपेक्षा कर रहे है, रास्ता लम्बा है। याद रखना, वे मनुष्य ही है, और वे मेरे जैसे ही थक जाते है। वे बहुत दूर टेनेन्सी और यहाँ–वहां जाते है। प्रभु उन्हें आशीष दे।

40 बहुत सारी बातें है जो मैं बोल सकता हूँ; मैं बस हर समय इसे ऊपर लाता हूँ, लेकिन मैं—मैं आपको बहुत सी बार नही मिल पाता हूँ, मैं—मैं—मैं आपसे किसी न किसी तरह से बात करना पसंद करता हूँ। लेकिन, यदि मैं आपसे बताने के लिए नहीं मिल पाता हूँ, जो कुछ मैं यहाँ पर आपके बारे में सोचता हूँ... समझे?

मैं उन भाइयों को बताना चाहता हूँ, उन भाइयों में से कुछ उनकी कलिसियाओ को बर्खास्त करके आये है।

41 भाई जैक्सन, आज सुबह यहाँ पर है, उन्होंने किसी एक—एक भाई के द्वारा बोले गए अन्य भाषा का सुन्दर अनुवाद किया है, और प्रमाणित करते हुए और पक्का करते हुए कि ये परमेश्वर ही था। क्या आपने ध्यान दिया उसने ये कभी नही कहा, ये गलत नही था, ये ऐसा नहीं था; उसने केवल इसे सुनने की चेतावनी दी। समझे? समझे? तो भाई जूनीयर आज सुबह यहाँ पर थे, वे अपनी कलीसिया को बर्खास्त (समाप्त) करके आये थे।

और मैं समझ सकता हूँ, वहां दुसरे कलीसिया के भाई लोग है... जो यहाँ सेलरबर्ग से है।

42 और—और भाई रुडेल, वे आज सुबह यहाँ पर थे। मैं नही जानता, वे आज रात यहाँ है की नही। अच्छी बात है, वो आज रात फिर से यहाँ पर है! तो ठीक है, प्रभु आपको आशिष दे, भाई रुडेल। और आप...

मैं बस इसे व्यक्त नही कर सकता हूँ, बस मैं जो सोच सकता हूँ। लेकिन हो सकता है... तो, जब हम उस ओर मिलेंगे, मैं आप प्रत्येक के साथ दस हजार वर्षो तक बैठना चाहता हूँ, आप देखना। तब, देखो, हम ऐसे बात करते रहेंगे।

43 और जब की फसल पक गयी है, और मजदुर बहुत ही थोड़े है, आइये, ठीक इसके अन्दर खुदाई करें, हो सकता है संयोग से कोई पापी वहां बैठा हुआ हो। वहां हो सकता है कोई तो एक हो, जो हो सकता है सारी कार्य प्रणाली को बदल दे।

और यदि आज की सुबह वो समय नहीं था तो, हो सकता है आज रात किताब बंद हो जाये। याद रखना, वहां एक भी और नही होगा जो अन्दर आयेगा, जब वे नाम छुड़ाये जाते है।

इससे पहले, अब, हर एक जन ध्यान से सुनना, इससे पहले मैं वचन को पढ़ु।

44 वे सब जो कभी छुड़ाये जाने है, परमेश्वर ने उनके नामो को मेमने की जीवन की किताब में डाला, इससे पहले कि संसार की रचना हो। कितने लोग यह जानते हैं? यह वचन हैं। [टेप में खाली स्थान।—सम्पा।] और मसीही विरोधी, अंत के दिनों में, वे इतने नजदीक होंगे, जैसे कि यह वास्तविक बातें हो, सच्ची कलीसिया हो, सबकुछ बिल्कुल वैसे ही जैसे यहूदा था, इतना तक कि ये चुने हुए को भी भरमा देंगे यदि यह संभव होता था तो। क्या यह सही है? लेकिन कोई भी मनुष्य यीशु के पास नहीं आ सकता है, जब तक परमेश्वर उसे नहीं भेजता है और उन सबको जिसे परमेश्वर ने उसे दिया है उसके पास आयेगे। और जब वह किताब को लेता है, वो अंतिम नाम...

45 देखो, वे सारे जो लूथरन युग में थे, उसने उन को बाहर खींचा। वे सारे जो वेसली के युग में थे, उसने उन को बाहर खींचा। वे सारे जो विभिन्न युगों में थे, और पेंटीकोस्टल युग में थे, उसने उन को बाहर खींचा। वे यहां पर है, उनका न्याय नहीं होना है। उनका रेपचर हो रहा है। और फिर जब वो अंतिम नाम बाहर आता है, जिसे मेमने की जीवन की किताब में डाला गया था, जो जगत की बुनियाद डालने से पहले घात हुआ; जब वह अंतिम नाम छुड़ाया गया था, तब उसका काम समाप्त होता है, वह उन्हें दावा करने आगे आता है, जिसे वो छुड़ा चुका है। यह हमारे हृदय को संचरण करता

है। लेकिन, यदि यह एक हजार वर्षों के पश्चात् होता, वहां एक भी छुड़ाया हुआ नहीं होता।

और एक भी छुड़ाया नहीं जा सकता है, जबतक वे मेमने की जीवन की किताब में, जगत की बुनियाद डालने से पहले नहीं डाले गए हो। वे कौन है? मैं नही जानता। मैं नहीं जानता, कोई भी नही जानता, बस केवल परमेश्वर ही जानता है। मैं भरोसा करता हूं कि हम में से हर एक जन, हमारे नाम उस किताब पर थे। यदि मेरा नाम वहां पर था, मैं निश्चय ही वहां पर रहूंगा; यदि यह नहीं था, तो मैं वहां पर नही रहूंगा। ऐसा ही है। देखो, यह तो परमेश्वर पर ही है, "यह उसके चाहने से नही, उसके दौड़ने से नही लेकिन परमेश्वर जिस पर अपनी दया को दिखाता है।" समझे?

46 अब आइए अब हम वचन की ओर बढेंगे, पुरे आदर और ईमानदारी के साथ। और मैं सोचता हूं कि यही वो एक बात है, जिसे हमें करना ही है, देखो। आइए, इन अत्यधिक बेहूदा बातों को बंद करे! आदर करें और ईमानदार रहें !

मैंने देखा है, वो अंगीकार करना कभी–कभी जब वे... टेलीविजन पर जब उनके पास बिली ग्राहम की सभा थी; बिली ग्राहम के विरोध में कुछ भी नही है। लेकिन वहां कैलिफोर्निया में उस मनुष्य ने उस पिछली रात को बहुत ही अच्छा प्रचार किया; उसने वहां पर उसी बात को प्रचार किया, जिसे मैंने बहुत समय पहले यहां पर प्रचार किया था, दानियल पर, "तू मानो तराजू में तौला गया और हल्का पाया गया।" कितने लोगो ने इसे देखा? मैं सोचता हूं, आप में से बहुत लोगों ने।

47 देखो, क्या आपने उन लोगों को ध्यान दिया जो गलियारे (कलीसिया का बीच का मार्ग) में से होते हुए चलकर आते है, च्युइंगम चबाते हुए, हंसते हुए, एक दूसरे के साथ खेलते हुए आते है? यह मृत्यु और जीवन के बीच में चलना नहीं है। इस पाप और पश्चाताप की कोई माफी नहीं है। बस यही बात को बिली ने कहा, "एक निर्णय को लेना।" और एक ठंडी, सुखी हुई आंखें की अनुभूति, निर्णय लेना, ऐसा कुछ नही है, ऐसी कोई बात नहीं है। आपको पाप के लिए क्षमा को मांगना होगा और उससे मुड़ना होगा।

और बिली ने खुद कहा, "इससे यह साबित होता है कि आप तीस हजार में से एक वर्ष के बाद तीस को भी नहीं पाते है।" एक दिन उसने

कहा, “न्यूयॉर्क के साथ क्या समस्या है? मैंने वहां पर बहुत बड़ी सभा की थी, और क्या हुआ? पाप पहले से और भी बदतर हो गया था।”

48 और यह निरंतर बदतर होता चला जाएगा। वहां पर कोई भी... राष्ट्रीय पाश्चाताप नही है। राष्ट्र जा चुका है। केवल आप, व्यक्तिगत रूप से है; और बहुत ही जल्द यह पूरा हो जाएगा, यदि यह पहले ही नहीं है तो। अब इस बात को समझ लेना, आप जो जवान बच्चे हैं। देखो, यह कितना समय है भाई ब्रन्हम... यह भाई ब्रन्हम नही है। जो मैंने कहा है वह गलत है या सही है। पाप और बदतर और बदतर होता चला जाएगा, इतना तक कि एक दिन आकाश को आग पकड़ लेगी, वह धरती पर गिर पड़ेगी, और वो धरती तपती ज्वाला के साथ जल जाएगी। लेकिन वे छुडाये हुए उस समय यहां पर नही होंगे, वे चले जाएंगे।

49 अब मरकुस की किताब का ग्यारवा अध्याय और पहला युहन्ना पद 4:4 और मती 28:20, मैं इसे पढना चाहता हूँ।

50 अब, पहले, मैं संत मरकुस 11 अध्याय पढना चाहता हूँ, और पद 12 से 24 तक।

ध्यान से सुनना, जब हम इसे पढ़ते है। और अब यह एक छोटी सी एक गवाही के लिए बुनियाद है, और कुछ शब्दों की उत्तेजना है, और फिर हम देखेंगे परमेश्वर ने हमारे लिए क्या करने को रखा है। हर एक जन बस बैठा रहे और प्रार्थना में रहे, जब हम पढ़ते हैं।

51 मरकुस 11:12।

दूसरे दिन जब वे... बैतनिय्याह से निकले तो उस को भूख लगी।

और वह दूर से अंजीर का एक हरा पेड़ देखकर निकट गया, कि क्या जाने उस में कुछ पाये पर पत्तों को छोड़ कुछ न पाया; क्योंकि फल का समय न था।

इस पर उस ने उस से कहा अब से कोई तेरा फल कभी न खाए। और उसके चेले सुन रहे थे।

फिर वे यरूशलेम में आए, और वह मन्दिर में गया; और वहां जो व्यापार कर रहे थे उन्हें बाहर निकालने लगा, और सर्राफों के पीढ़े और कबूतर के बेचने वालों की चौकियां उलट दीं।

और मन्दिर में से होकर किसी को बरतन लेकर आने जाने न दिया।

और उपदेश करके उन से कहा, क्या यह नहीं लिखा है, कि मेरा पिता का घर... सब जातियों के लिये प्रार्थना का घर कहलाएगा? पर तुम ने इसे डाकुओं की खोह बना दी है।

यह सुनकर महायाजक और शास्त्री उसके नाश करने का अवसर ढूंढ़ने लगे; क्योंकि उस—क्योंकि उस से डरते थे, इसलिये कि सब लोग उसके उपदेश से चकित होते थे।

और प्रति दिन सांझ होते ही वह नगर से बाहर जाया करता था।

फिर भोर को, (अब यह दूसरा दिन था), जब वे उधर से जाते थे तो उन्होंने उस अंजीर के पेड़ को जड़ तक सूखा हुआ देखा।

चोबीस घंटो के अंदर चमत्कार दिखाई दिया, जब उस के इस उस पेड़ से कहने के बाद, "कोई मनुष्य नहीं खाएगा।" उस समय ऐसा दिखा कुछ भी घटित नहीं हुआ है; लेकिन अगले दिन पर यह सुख गया था।

पतरस को वह बात स्मरण आई, और उस ने उस से कहा, हे रब्बी, देख, यह अंजीर का पेड़ जिसे तू ने स्राप दिया था सूख गया है।

***...** यीशु ने उस को उत्तर दिया, कि परमेश्वर पर विश्वास रखो।*

मैं तुम से सच कहता हूं कि जो कोई इस पहाड़ से कहे; कि तू उखड़ जा, और समुद्र में जा पड़; और अपने मन में सन्देह न करे, वरन प्रतीति करे, कि जो कहता हूं वह हो जाएगा, तो उसके लिये वही होगा।

इसलिये मैं तुम से कहता हूं, कि जो कुछ तुम प्रार्थना करके मांगो तो प्रतीति कर लो कि तुम्हें मिल गया, और तुम्हारे लिये हो जाएगा।

और जब कभी तुम खड़े हुए प्रार्थना करते हो, तो यदि तुम्हारे मन में किसी की ओर से कुछ विरोध हो तो क्षमा करो, इसलिए कि तुम्हारा स्वर्गीय पिता भी तुम्हारे अपराध क्षमा करे।

और यदि तुम क्षमा न करो तो तुम्हारा पिता भी जो स्वर्ग में है, तुम्हारा अपराध क्षमा न करेगा। (यह उस पर निर्भर करता है।)

52 अब मैं पहला युहन्ना 44 पढना चाहता हूँ।

हे बालको, तुम परमेश्वर के हो, और तुम ने उन पर जय पाई है; क्योंकि (ध्यान से सुनना)*... जो तुम में है, वह उस से जो संसार में है, बड़ा है।*

53 अब मैं इसे फिर से पढूंगा।

हे बालको, तुम परमेश्वर के हो, और तुम ने उन पर जय पाई है, (मसीही विरोधी के बारे में बोलते हुए) *क्योंकि जो तुम में है, वह उस से जो संसार में है, बड़ा है।*

दो सर्वनाम है देखो, "वो" (he) व्यक्तिगत सर्वनाम; "वो" (he) जो संसार में है, और "वो" (he) जो तुम में है। वो जो तुम में है, उससे बड़ा है, जो संसार में है।

54 अब संत मती का 28 वा अध्याय और 20 वा पद।

और उन्हें सब बातें जो मैं ने तुम्हें आज्ञा दी है, मानना सिखाओ:... और देखो, मैं जगत के अन्त तक सदैव तुम्हारे संग हूं।

55 अब आज रात उसमें से एक लेख को लेते हुए, मैं इस लेख को इस्तेमाल करना चाहता हूं: *वो जो तुम में है*। और उस पर मैं विश्वास को बनाना चाहूंगा, निश्चय ही, एक प्रार्थना की सभा के लिए। और बस जल्दी करते हुए...

56 और ऐसा है, जैसे मैंने आपको बताया था, मैं आपको घटनाओ के बताऊंगा, जो घटित हुई है। और मैं अक्सर रुका रहता हूं जब तक मैं यहां कलीसिया में नहीं आता, उन घटनाओ को कहने के लिए। और फिर यही दूसरे लोग इसे सुनना चाहते हैं, वे इसे टेप के जरिए से सुन सकते हैं। लेकिन मैं रुका हूँ, यहां आने तक।

और ऐसा है, किसी भी तरह, जो घटना मैं ठीक आपको अभी बताने ही जा रहा हूं, यहाँ पर बहुत से मनुष्य है जो इसके गवाह है, जो मसीह भाई है। उनमें से एक यहां उपस्थित है, जो भाई बैंकस वुड है। और दुसरे भाई जो यहाँ उपस्थित थे भाई भाई डेविड वुड है। और एक भाई जो यहाँ उपस्थित

थे, वो भाई इवांस थे और उनके बेटे रोनाल्ड। एक और उपस्थित थे, हमारे बहुत अच्छे डीकन भाई व्हीलर। और एक उपस्थित, वो थे भाई मेन। क्या भाई मेन यहां पर है, जो न्यू अल्बेनी से है? एक मेथोडिस्ट प्रचारक, जिसे मैंने हाल ही में यीशु मसीह के नाम से बपतिस्मा दिया, वो भी वहां पर थे, जब यह घटित हुआ था।

57 यह कुछ समय से होता आ रहा था, कुछ वर्षों तक, कि मेरे छाती में एक गहरा बोझ था जो कि मुझे... मेरे हृदय में था। इससे मुझे ऐसा महसूस होता था, जैसे मैंने कुछ तो गलत किया था। और मैं अपने जीवन को जांचने लगा और जांचता रहा, जांचता रहा, जांचता रहा, यह देखने के लिए कि क्या गलत हुआ था। "प्रभु यदि—यदि मैंने कुछ गलत किया है, तो आप मुझ पर इसे केवल प्रकट करें कि क्या गलत हुआ है और मैं आगे बढकर और इसे ठीक कर लुंगा।" लेकिन कुछ भी मुझ पर प्रकट नहीं हुआ। मैंने कहा, "क्या मैंने किसी को दुख पहुंचाया है? क्या मैंने कुछ अधूरे में छोड़ दिया है? क्या मैंने... कुछ अधिक ही पढता हूँ? क्या मैं अधिक प्रार्थना करता हूँ? " और मैं पढ़ता रहता हूँ और प्रार्थना करता हूँ। और—और मैंने—मैंने कहा, "मुझ पर प्रकट करें। क्या मैंने किसी को नुकसान पहुंचाया है? यदि मैंने पहुँचाया है तो, मैं इसे सही कर लूंगा। केवल आप मुझे दिखाएं, मैं इस बोझ को नही चाहता हूं।" और पिछले पांच वर्षों से, जब से मैं इस कार्य पर आया हूँ, यह मेरे हृदय में एक बोझ लटक रहा था।

58 मैं पहाड़ों पर गया हूँ। मैं समुद्र के किनारे पर गया हूँ। मैं हर कहीं पर गया और प्रार्थना करता रहा, प्रार्थना करता रहा और प्रार्थना करता रहा, लेकिन यह बोझ नहीं गया। और मैंने सब कुछ सोचा, यदि मैंने कुछ किया है तो। लेकिन यह फिर भी था, ये नहीं गया; मुझे बस ऐसा लगा जैसे मैं जकडा हुआ था।

और यह बहुत ही अजीब था कि यह तभी हटने लगा, जब यह संदेश आया, आज सुबह का जो सन्देश है, देखना। अब, क्या यह परमेश्वर था जो इसके लिए रोके हुए था? मैं नहीं जानता। देखो, मैं... ये सारी बातें मेरे मन में थी। आप कल्पना कर सकते हैं कि उस मनुष्य के हृदय में क्या होता होगा, जब ये आपके अन्दर बढ़ने लगता है, देखो, इसे सोचते हुए कि क्या बात घटित होने जा रही है; और, समझता हूँ, लोगो को बताना, जानते हुए कि कुछ लोगो का गलत दृष्टीकोण होगा और कुछ लोग इसे *इस* तरह

से लेंगे और *उस* तरह से लेंगे। आप जानते हैं यह किस तरह से होता हैं। और कुछ लोग विश्वास करेंगे और कुछ विश्वास नहीं करेंगे। और लेकिन ये बोझ आपके पास है, जो आप लिए हुए है।

59 आप यह कैसे कह सकते हैं, बिना दुख पहुंचाए? आप यह कैसे कह सकते हैं, जिससे इसका प्रभाव होगा? आप इसे कैसे कह सकते हैं, लोगों को दिखाने के लिए कि आप उन्हें श्रेणीबद्ध नही कर सकते हैं, जिनसे आप प्रेम करते हैं? आप कैसे सख्त और कड़क हो सकते हैं और फिर भी प्रेमी हो? और, ओह, आप इस बात को कैसे रखेंगे? और फिर मैं दुखित होता हूँ, यदि मैं इस बात को नहीं रखता हूँ तो! देखा? और वहां पर आप हैं। समझे? कोई आश्चर्य नही, ये आपको निराश करता है और तोड़ देता है।

60 मैं एरिजोना से—से यहां... पर कुछ भाइयों के झुंड से मिलने के लिए आया, जो मेरे साथ हर वर्ष शिकार करने के लिए कोलोराडो में जाते हैं।

अब आप कुछ लोग सोचते हैं, "तुम शिकार करने के लिए क्यों जाते हो? आपको क्या दिलचस्पी है?"

देखिये, *यहां* इस स्थान पर, आप भरते जाते हैं, और मैं खाली होते जाता हूं; *वहां* पर मैं भरता हूं, इसलिए कि मैं खाली हो सकूं। समझे? अब, मैं वहां पर केवल शिकार करने नही जाता हूं। क्योंकि, लोग, यहां हर एक जन, जो मेरे साथ जाते हैं, वे जानते हैं कि मैं सेकड़ो बार शिकार को छोड़ कर निकल जाता हूं, और मैं यहां तक कभी उन्हें छुता भी नही। मैं ऐसा नहीं करता।

61 अब, यहाँ, ज्यादा समय नहीं हुआ, मैंने क्रिश्चियन बिजनेस में लोगों के लिए शिकार करना आरंभ किया, जब वह वहां ऊपर जाकर कहते, "बिली मेरे लिए एक बैल आओ, मेरे लिए एक गाय लेकर आओ, मेरे लिए बारह सिंगा लेकर आओ, मेरे लिए *ये* या *वो* या *इत्यादि* लेकर आओ।" मैं वहां पर जाता और बस दाये से और बाये जाकर शिकार करता। प्रभु ने मेरी सहायता की इसलिए मैं देख सका और शिकार को कर सका और बहुत ही अच्छी तरह से शिकार करके और उन्हें मार देता। और वे बस यहाँ–वहां ऐसे ही बैठे रहते और अपने व्यवसाय के बारे में बातें करते थे।

62 तब प्रभु ने मुझसे कहा, ऐसा अब और नही करना। और मैंने—मैंने इसके बारे में बहुत ही ख़राब अनुभव किया, इसलिए मैंने उससे प्रतिज्ञा

की इसके बाद से मैं इसे नहीं करूंगा। नही। मैंने कहा, “यदि कोई आपात स्थिति है, किसी को इसकी आवश्यकता होती है तो मैं इसे करूंगा, लेकिन यदि उन्हें इसकी आवश्यकता नहीं तो मैं इसे नहीं करूंगा।” बस उन लोगो के पास तो बहुत सारा पैसा है, उस गाय के मांस और वस्तुओं को खरीदने के लिए। तो मैं भला इसे क्यों करूँ? उन जानवरों को जीने दो, यदि आपको इसका उपयोग नही है तो।

63 इसलिए मैं अकेला ही जाऊंगा। और कोई भी व्यक्ति जो कभी शिकार के लिए मेरे साथ जाता है, वह जानता है कि मैं किसी के साथ शिकार नहीं करता हूं। मैं अपने से बाहर निकल जाता हूँ ताकि अकेला रहूँ। मैं उनके साथ जाता हूं ताकि रात को उनके साथ संगति कर सकूं, यहां–वहां जाकर प्रार्थना करूं और इत्यादि।

लेकिन वहां पर बहुत से दूसरे सेवक भी थे। जो इस वर्ष वहां ऊपर उन पहाडो पर थे, हमारे भाई पालमर थे। मैं सोचता हूं मैंने उन्हें थोड़े समय पहले यहीं–कहीं पर देखा था... यहां पर है वे, वहां बैठे हुए हैं भाई पालमर। और एक भाई बॉब लैबर्ट, वे यहां पर सुबह को थे, मैंने उन्हें कही तो चिल्लाते हुए सुना था। मैं सोचता हूं कि वे अब भी यहीं पर है। और फिर वहां एक भाई थे... वे मार्टिन के दोनों लड़के हैं, मैं सोचता हूं वे यहां पर है। और वे, मार्टिन के लड़के है? भाई, भाई मार्टिन। आपने मुझे एक दिन फोन किया, यह अच्छी बात थी। वह लड़का चंगा हो गया था, जो सेवक भाई है।

64 क्या आप यहां पर हैं, जिसके लिए मैंने एक दिन फोन पर प्रार्थना की थी? मैं उसका नाम भूल गया, जो वहां अर्कानास से है। उनकी पत्नी ने मुझे फोन किया; वो व्यक्ति एक तरफ से पूरा सूज गया था, और उसे बहुत तेज बुखार था, वह मर रहा था। उसी व्यक्ति को बाहर बुलाया गया था, वहां लिटिल रॉक पर, या उस हॉट स्प्रिंग की मीटिंग में, जो सभा में बैठा हुआ था।

और यह एक भला सा दिखने वाला व्यक्ति है। यदि वह यहां पर है तो, मैं सोचता हूं वह अब तक खडा नहीं हुआ होगा। लेकिन मैं उनका नाम नही याद कर पा रहा हूँ। [कोई तो कहता है, “भाई ब्लैर।”—सम्पा।] ब्लैर, भाई ब्लैर। कोई तो...

तो ठीक है, अब वे लिटिल रॉक सभा में बैठे हुए थे, कितने लोग वहां पर थे मेरा मतलब वहां हॉट स्प्रिंग पर कितने लोग सभा में थे? और पवित्र आत्मा ने उस जवान व्यक्ति को बुलाया और उसे बताया कि शैतान उससे बुलवाने की कोशिश कर रहा है कि वो मेरा इंकार करे, यह कहूँ कि "मैं एक झूठा नबी हूं।" और उस व्यक्ति ने इसकी गवाही दी यह सच्चाई है। क्या आप देख रहे हैं कि शैतान क्या कर रहा था? वह व्यक्ति डॉक्टर के पास नहीं जाता है। वह डॉक्टर के पास जाने के लिए विश्वास नहीं करता है। लेकिन शैतान जानता था कि उसे यह बीमारी लगने जा रही थी, और वो ठीक उसे वहां पर मार सकता था। समझे? इसलिए वो कोशिश कर रहा था कि मेरा इंकार करे। और पवित्र आत्मा ने, अनुग्रह में होते हुए उसे बुलाया और कहा ऐसा मत करना; उस व्यक्ति को, अजनबी होने के नाते, उसे बताया ऐसा मत करना।

65 और एक रात को, उसकी पत्नी ने मुझे फोन किया और कहा, "भाई ब्रन्हम मैं सोचती हूं कि वो मर रहे हैं।" कहा, "वे—वे पूरी तरह से सूज गए हैं, और उनका बुखार, लगभग उनके सर पर चढ़ गया है।" और कहा, "अंतिम बात जो उसने कही, 'भाई ब्रन्हम को फोन करो।'"

मैंने कहा, "क्या तुम्हारे पास कुछ है, तुम्हारे पर्स में रुमाल है।"

"नहीं।" मैं ट्यूसान में था, वह अर्कनास में थी।

और मैंने कहा, "क्या तुम्हारे पास कुछ है? "

उसने कहा, मैं सोचता हूँ उसका "दुपट्टा।"

मैंने कहा, "अब तुम अपने हाथों को दुप्पटे पर रखो और अपने दूसरे हाथ में फोन को पकड़े रहो।" और मैंने प्रार्थना की और परमेश्वर से माँगा, कि उस पर तेरी दया हो परमेश्वर और उस शत्रु का इंकार करे।

66 और उसने जाकर और उस दुपट्टे को उस व्यक्ति पर रख दिया। और अगली सुबह को उसने मुझे फोन किया।

अब, लगभग चोबीस घंटों में या उससे भी कम समय में।

67 हमारे बहुमूल्य भाई, मैंने उन्हें आज रात को अब तक नहीं देखा है, जो भाई रॉय रोबरसन है। एक बार, आप जानते हैं भाई रॉय को एक तरह के एक सेना में काम करने वाले व्यक्ति थे। यदि भाई यहां पर है तो, मैं—मैं आशा करता हूं वे समझते होंगे, क्योंकि मैं—मैं—मैं यह निंदा नही कर

रहा हूं। लेकिन वे सब बातों में सख्त होते है, वह सेना में एक ऊंचे पद पर थे, और आप जानते हैं, आपको किस तरह का होना होता है उन आदमियों को संभालने के लिए, जैसे वे सेना में करते हैं। तो ठीक है, "आत्मिक बातें किसी और के लिए होंगी।" उसके लिए नहीं! लेकिन प्रभु ने उन्हें बचाए रखा। वह मर गए होते थे; उन्होंने उसे मरने के लिए बहुत समय तक बाहर छोड़ दिया था। परमेश्वर ने उसे चंगा किया; तब से लेकर वे अनुकरण करते आ रहे हैं। लेकिन उन्होंने उन सारी आत्मिक बातो को और उन दर्शनों के बारे में नहीं जाना।

68 और यहां ज्यादा समय नहीं हुआ, बहुत से लोग उस दर्शन को जानते हैं जिसे भाई रॉय को दिया गया, इससे पहले मैं वहां पर जाऊं, उसके बारे में कि वे मेरे लिए देख रहे थे, मैं वहां पर पर पहाड़ पर उस प्रकाश में खड़ा हुआ था, और एक आवाज मुझ में से आ रही है। जिसने भाई रॉय के सारे संदेह को निकाल दिया।

69 और एक रात, वह एक ऐसे स्थान पर घायल हो गए थे, इतना तक कि वे पूरी तरह से बीमार हो गये थे, और उन्हें बहुत तेज बुखार इत्यादि हो गया। और डॉक्टर ने उसे दवाई और आदि सबकुछ दिया और फिर कुछ भी ठीक नहीं हुआ। और वो यहां तक ऐसी स्थिती में आ गये, वह अपने आप को और हिला भी नहीं सकते थे। उसके पैर और बाकी चीजें, जैसे लकवा हो गया हो।

70 और उस बेचारे छोटे भाई को गोलियों के टुकड़े लगे थे, एक जर्मन अठयासी नामक बन्दुक से, जर्मन अठयासी। और यह—यह बस ऐसा था... मैं सोचता हूँ कि उनका सारा काफिला मारा गया, लेकिन वो बच गए, और वे वहां घायल हो गये थे।

71 और आप जानते हैं कि क्या घटित हुआ था? मैंने उनकी भली पत्नी बहन रोबरसन से कहा... उसने कहा... मैंने कहा, "क्या तुम्हारे पास वहां पर कुछ है।"

72 उसने कहा, "मेरे पास एक रुमाल है, जिस पर आपने एक समय प्रार्थना की थी।"

73 "जाकर उसे ले लो।" और मैं ट्यूसान में था, और उसने अपने हाथों को उस पर रखा और प्रार्थना की और डाटा और कहा, "बहन रोबरसन यह चला जायेगा।"

74 तभी किसी ने तो मुझे वहां पर बताया, “यह निकलने जा रहा है, इसे कह दो!” और आधे घंटे के अंदर ही बुखार चला गया था। वो रसोई घर में था, कुछ तो खाने के लिए तैयार कर रहा था। देखा? देखा?

75 मैं आपसे क्या कहने की कोशिश कर रहा हूं, “अपने भरोसे को कभी भी मत खोना।” शैतान को कुछ भी मेरे लिए गलत मत बोलने देना, क्योंकि वहां पर बहुत कुछ है। लेकिन आप उस भरोसे को बनाए रखना; कारण यदि आप नहीं रखते हैं, यह होगा भी नहीं। मेरी और मत देखना, एक मनुष्य के नाते; मैं एक मनुष्य हूं, मैं गलतियों से भरा हुआ हूं। लेकिन उसे देखो, जिसके बारे में मैं बता रहा हूं। यही है वो। वही वो एक है।

76 जब हम कोलोराडो में थे, देखो, जब हम वहां ऊपर थे, हम वापस चले गए। और मौसम बहुत ही सुखा था। शिकार करना दुर्लभ था। भाई व्हीलर, जिसे प्रभु ने आशीषित किया और उसे एक—एक अच्छी शिकार दिया, और हम इसके लिए बहुत ही खुश थे। यह पहली बार हुआ था कि उन्होंने कभी जंगल में शिकार खेला था, और प्रभु ने उसे आशीषित किया। और फिर मैंने एक बडे शिकार को निशाना लगाया, जिसके लिए मैं बीस वर्षों से देखते आ रहा था, और मैं उसे देखते आ रहा था, भाई बैंक और मैं बहुत समय से उसके पीछे थे। और जब मैंने किया... उस गर्म देश में बंदूक से शिकार करते आ रहा था, और इस बन्दुक को ठन्डे स्थान पर लाना, इसकी नली फुल गयी थी, हालाँकि कांच मुड गया था। और इससे काफी इंच की दुरी से गोली निकली, और उस जानवर को जाकर लग गयी, जो पेड़ के बीच में खडा हुआ था, जहां इसे नहीं लगना चाहिए था; उससे भी नीचे, जहाँ कुछ ही क्षण में मानवीयता से वो जानवर मारा जायेगा। लेकिन इसने इसे बहुत ही ऊपर मारा, वो कूदा, वो इस तरह से गिर पड़ा।

77 और बिली मेरे साथ था, और उसने कहा, “उसे लग गया।” और मैंने भी सोचा इसे लग गया; लेकिन जब हम वहां पर गए, यह ऐसा नहीं था। उसने कहा, “आपने पेड़ को मारा है।” मैंने ऊपर से नीचे तक देखा, वहां पेड़ पर कोई भी निशान नहीं था और फिर मैंने जाकर इसे ढूंढने की कोशिश की।

और फिर वहां पर एक चेतावनी का चिन्ह आया। वहां पर तक़रीबन सौ पुरुष ठीक हमारे ऊपर थे। और भाई पालमर और वे इसके एक गवाह है।

और भाई इवांस, यह सही है, वो वहां पर थे; भाई वेल्श इवांस और उनके बेटे, रोनी। मैं सोचता हूं मैंने कुछ समय पहले उन्हें फोन किया था। और बहुत ढेर सारे पुरुष हम से ऊपर चले गये और जिसे वे घुड़सवार चरवाहे कहते है, जिनका शिविर वहां ऊपर था, जहाँ पर वे घुड़सवार चरवाहे रहते हैं और घुड़सवारी करते हैं, और उन गायों को अलग करते हैं, मैं अक्सर खुद शिविर में रहता हूं और वे उन पशुओं के झुण्ड के जानवरों को अलग–अलग करते है।

78 और तो फिर, वहां पर वहां पर लगभग एक सौ पुरुष थे। लेकिन हर एक जन उस देश में जानता है, जब एक पूर्वनुमान की सिटी को बजाया जाता है, अच्छा होगा तुम ठीक वहां से अब दूर चले जाओ। इसीलिए भाई पालमर और वे बहुत ही जल्द निकल गए, क्योंकि उनकी कार में केवल तीन गति के प्रसार थे और उन्हें वहां से बाहर निकलना था; मौसम की वजह से, यहां पर होते हैं तो, आपको और शायद हफ्तों तक रुकना पड़े। इसलिए उन्होंने कहा, "वहां पर एक तूफान की चेतावनी हो रही है," मौसम का पूर्वनुमान, और समाचार और रेडियो पर। भर–भर के कर लोग व्यवहारीक रूप से, सब चीजे, वहां ऊपर, हर कही से निकलने लगे। उन्हें निकलना था, ठीक तभी, क्योंकि वे जान गए थे कि वहां से निकलना है।

79 लेकिन मेरे भाइयों के पास दो हिरण के लाइसेंस थे, और उन्होंने—उन्होंने नहीं जाना चाहा। इसलिए मैंने—मैंने कहा, "तो ठीक है, हम रुकेंगे।" लेकिन मुझे होने वाली सभा में जाना था, जो लगभग आने वाले छह दिनों में है और मुझे वापस ट्यूसान की ओर जाना था।

80 तो, मेरी छोटी पत्नी, मैं... हमें विवाह करके बावीस वर्ष बीत चुके हैं। और बीस वर्षों में, हमारी विवाह की सालगिरह पर, मैं हमेशा ही उस समय वहां ऊपर होता हूं; यह होने पर वहां पहुँच जाता हूँ। तो मेरे—मेरे पास एक छोटा सा स्थान है, मैं हमेशा ही जाकर और प्रार्थना करता हूं और यह ऐसा स्थान दिखता है, जहां पर मेरी पत्नी को लेकर जाऊं।

81 आप जानते हैं, मैंने इन छोटी सी चीजों को बनाया है, आप जानते हैं मेरे पास इतने पैसे नही होते थे, जिससे मैं शिकार के दौरे में या हनीमून में ले जाऊं। इसलिए मैं—मैं मेरी पत्नी को शिकार के दौरे पर हनीमून के लिए ले जाता था। तो हम न्यूयॉर्क में थे और मुझे याद है, मैंने उसकी वहां लकड़ी के लट्ठे और आदि पर, एक स्थान बैठाने के लिए सहायता की। वहां

पर मेरा एक छोटा सा स्थान है, मैं हमेशा ही पत्नी के बारे में सोचता हूं, जब मैं वहां हमारी विवाह की सालगिरह पर जाता हूँ, ऑक्टोम्बर तेवीस तारीख को, जब वहां पर मौसम खुल जाता है। और बीस वर्ष से लेकर, उस समय मैं घर पर नहीं रहा हूँ, मैं हमेशा ही वहां ऊपर जाता रहता हूँ।

82 तो उस दिन हमारी विवाह की सालगिरह थी। और भाई मेन... मैंने कहा, "अब यदि आप भाई लोग... " तो मैंने उस सुबह आग सेकते हुए कहा, "अब यदि... " मेरा मतलब उस रात को। "यदि आप सब अभी रुकना चाहते हैं, तो याद रखना, हो सकता है हम यहाँ पर एक महीने के लिए रुके रहेंगे।" क्योंकि मैंने बीस फुट बर्फ को थोड़े समय में ही सारी रात गिरते हुए देखा है। आप बस वहां बाहर जाये और आपको थोडा सुखा और अच्छा लगेगा; और अगले ही सुबह वो बर्फ*इतनी* ऊंचाई पर आ जाती है, इतनी ऊपर कि हो सकता है आपके तंबू से भी ऊपर हो। तो फिर मैंने कहा... और आपको वहीं पर रुके रहना हैं, जब तक बर्फ पिगल नहीं जाती है। इसलिए आप लगभग पन्दरह या बीस मील पीछे उस जंगल में हो। और इसलिए फिर मैंने कहा... और यदि यह आपातकालीन होती है, निश्चय, वे हेलीकॉप्टरो को भेजते हैं और आपको वहां से निकालते हैं। लेकिन अक्सर वे बस... कोई भी अत्यधिक ठंड में नहीं निकलता है, उनको वहां पर बस रुके रहना होता है ।

83 तो हर कोई भागने लगता हैं, जितना जल्दी हो सके, जैसे ही वे प्रसार को सुनते हैं, मेरा मतलब मौसम के पूर्वानुमान को सुनते है। इसलिए हम वहां पर पीछे थे, और मैंने कहा, "अब आप अपने मन को तैयार कर लो। यदि आप यहां पर रुकना चाहते हैं तो मैं यहां पर आपके साथ शिकार करुंगा, और मैं अपनी पत्नी को फोन करके और कहूंगा 'विवाह के सालगिरह की बधाई हो!'" लेकिन मैंने कहा, "तब उस पर ऐसा भी है कि, हमें... हमें कुछ खाने–पीने का सामान लाना होगा क्योंकि शायद हो सकता है, यहां पर हमें रुकना पड़ेगा।" और मैं अब बहुत समय तक मालपुवा और उन पेनकेक को और नही देखना चाहता हूँ! इसलिए कि तब मैं कनाडा में उसे लगभग इक्कीस दिनों से खा रहा था, निश्चय ही, मैं उन चीजों से उब गया था। और इसलिए तब मैं कुछ रोटी को चाहता था।

84 तो उन्होंने तभी कहा कि वे रुकना चाहते थे... तो वहां पर करने के लिए कुछ भी नहीं था... रूकने के लिए। लेकिन भाई मेन और मैं वहां से

निकल गए और वहां नीचे जाकर और कुछ खाने–पीने की चीजों को लिया। और मैंने अपनी पत्नी को फोन किया, और मुझे कुछ उत्तर नही मिला। कोई भी उत्तर देने को नहीं था; और मैं लगभग एक घंटे तक रुका रहा था, जब तक दुकान पर खाने–पीने का सामान नहीं ले लिया, मैंने वापस जाकर और फोन किया, उत्तर नहीं मिला। और मुझे बहन इवांस को फोन करना था।

मैं सोचता हूं बहन इवांस यहां पर है। और मैंने बताया... जी हां भाई इवांस, बहन इवांस यहां पर है।

85 तो मैंने बहन इवांस को भाई इवांस के लिए फोन किया और उसे सब बताया। उसने कहा, "मैं बहन ब्रन्हम को फोन करके और उसे बताऊंगी।" आपको "विवाह की सालगिरह की शुभकामना," निश्चय आप जानते हैं। तो लेकिन वो अपने बच्चों के लिए कुछ खाने–पीने का सामान लाने की खरीदारी के लिए गई थी।

और फिर हम वापस आ गए और अगली सुबह को, आकाश में बादलों के अलावा और कुछ नहीं था। मौसम सुखा था, वहां पर बारिश नहीं पड़ी थी। और उन्होंने शिकार के समय को स्थागित किया था, कुछ और दिन तक, सूखेपन की वजह से।

86 तो, मैंने उस समय भाइयो से कहा, "अब बारिश की पहली बूंद गिरना आरंभ हो गयी है, वह पहली बर्फ, वो पहला बर्फ का ओला, जो कुछ भी है, जितना हम जल्दी तम्बू की और जा सकते हैं, जाये, क्योंकि अगले पन्द्रह मिनट के अंदर तुम अपने आगे अपने हाथों को भी नहीं देख सकते हो। समझे? और यह बस झटके से होगा और तेज हवा होगी, और मैं परवाह नहीं करता कि आप देश के बारे में कितना अच्छी तरह से जानते हैं, आप ठीक वहां पर रुक जायेंगे और आप खत्म हो जाएंगे। क्योंकि कभी–कभी आप सांस भी नहीं ले सकते हैं और बर्फ के ओले इतनी तेजी से गिरते है, आप ठीक वहां पर मर जायेंगे।" और मैंने कहा, "इससे पहले वो बर्फ के ओले गिरना आरंभ हो, जितना जल्दी कर सकते है, आप तंबू को समेट ले। मैं परवाह नहीं करता आप जहाँ कहीं पर भी हो।"

87 तो ठीक है, मैंने कहा, "यहां ऊपर जाओ और उस पहाड़ी पर बैठ जाओ, और मैं ऊपर चढ़कर और पहाड़ी पर से पत्थर को लुढकाऊंगा

और इत्यादि, और उन हिरन को वहां ऊपर से डराऊंगा और फिर वहां से नीचे भगाऊंगा, तुम उसे पकड़ लेना, जो तुम चाहते हो।"

88 तो मैंने ऊपर चढ़ना आरंभ किया और लगभग समय पर, मैं वहां ऊपर पहुंचा, जिसे हम, "द सैडल," कहकर बुलाते है, एक छोटा सा स्थान जो मैं हमेशा ही पार होकर जाता हूँ जिसे "क्राकर नोब," कहते हैं, जो ठीक वहां कॉन्टिनेंटल डिवाइड पर है, उस ऊंचाई पर। और जब मैं इस छोटी सी घाटी में पहुंचने पर था, ये... वे बादल काले और काले होते जा रहे थे। वहां पर एक भी कार नही बची थी, केवल हम लोग ही वहां पर थे, दूर तक... वे घुडसवार चरवाहे छावनी पर थे। तो ये—ये ख़राब और ख़राब होता चला गया। तो कुछ ही मिनटों में बारिश होना आरंभ हो गई। तो, मैंने अपनी बंदूक को लेकर और कोर्ट के अंदर रख दिया और उस बंदूक की दूरबीन को, धुंए निकलने की जगह को और उसकी नली को गीली होने से बचाऊँ; यदि एक भालू या किसी के भी पीछे वापस दौडना पड़े, इसलिए मैंने अपनी दूरबीन को इस तरह से पकड़ा और थोड़ी देर के लिए एक पेड़ के नीचे बैठ गया। और बैठ कर प्रार्थना करने लगा। मैंने कहा, "प्रभु परमेश्वर, आप महान यहोवा हैं, और मैं आपसे प्रेम करता हूं।"

89 कितने लोगों के पास यह अनुभव है, जो मेरे पास था। मैंने भाई पलमार और उनकी ओर, और उन स्थानों की ओर ध्यान दिया। जहां पर वो उकाब, आप जानते हैं, मैंने उसे ऊपर उठते हुए देखा है, आप जानते है और कैसे... ये वो जगह है जहाँ पर सारी बातों ने स्थान लिया था। यह वहां पर मेरे साथ एक बड़ी ही स्वाभावीक बात हुई। ऊपर उन पहाड़ों पर, मुझे प्रभु के साथ मुझे बहुत सारे अनुभव मिले थे। इसलिए आप ऐसे नहीं जा सकते हैं, बिना परमेश्वर को देखे; वह तो बस हर कहीं उपस्थित है।

90 तो फिर जब मैं—मैं वहां बैठ गया, तब बर्फ के ओले गिरना आरंभ हो गये और हवा इस तरह से घूम गई। और मैंने कहा, "ठीक है, मैं पर नीचे का मार्ग जानता हूँ, लेकिन मेरे लिए अच्छा होगा अभी ठीक यही पर रहूँ।" तो मैंने कहा...

91 वहां नीचे देखा और अब मैं नीचे के तल को और देख भी नहीं सकता था; वे बादल वह बिखरे हुए थे और घूम गए थे, और बर्फ के ओले उड़ने लगे थे। और वहां पर बर्फ का तूफान था! जिसका पूर्वानुमान बहुत दिनों से था "एक बड़ा बर्फीला तूफान आ रहा है!"

92 भाई टॉम यहां पर है। भाई टॉम सिम्पसन, जो कनाडा से आए हैं, उन्होंने मौसम के पूर्वानुमान को सुना था और उन्हें सलाह दी गयी कि उस देश के भाग की ओर ना जाए, क्योंकि यह मौसम का अनुमान कहता है "बर्फीला तूफान होगा।" आप कहां पर है, भाई टॉम? मैं सोचता हूं, जी हां, ठीक यहां पर है। और वह... बर्फीला तूफान आ रहा था! इसके लिए हर कोई अन्दर बैठा हुआ था।

93 तो मैंने अपनी बंदूक को मेरी लाल शर्ट के अंदर वापस इस तरह से रखा, और पहाड़ के नीचे चलकर उतरना आरंभ किया। और जब मैंने आरंभ किया, मैं घाटी से लगभग आधा मील ही चला था; और ओह, प्रभु, बड़ा बर्फ का गोला, इस तरह से, और हवा बदल गयी, उस पहाड़ पर और जोर की हवा आने लगी। मैं अब समतल को और देख भी नहीं सकता था, मैं लगभग बीस फुट या तीस फुट तक मेरे सामने देख सकता था। और मैं जानता था थोड़ा और आगे जाने पर, जिसे हम "छोटा हॉग बैग" कहते हैं, छोटा सा टीला और फिर नीचे सकरी खाड़ी आयेगी, और फिर मैं जानता था सकरी खाड़ी में चलते जाना है और किस ओर जाना है, यदि यह वास्तव में ख़राब नही हुआ है तो।

94 और तो, फिर मैंने नीचे बढना आरंभ किया, और लगभग आधे रास्ते तक वहां चला गया और किसी ने मुझसे कहा, जितना आप मुझे साफ़–साफ़ सुन रहे हैं उतना साफ़, "रुको, वापस पीछे जाओ!"

95 तो मैंने सोचा, "मैं किस बारे में सोच रहा था? हो सकता है, यह बस मेरा ही मन हो।" और मैं एक भी कदम और आगे नहीं बढ़ा पाया।

96 डेविड ने मेरे लिए उस सुबह को एक सैंडविच बांध कर दिया था, और मैं सोचता हूं, उसने अपने पिता के लिए भी सैंडविच लाया था, एक बार हमने प्याज और शहद का सैंडविच खाया था, बस यही सब हमारे पास था। इस बार उसने मुझे कीमे का सैंडविच बांध कर दिया और, ओह, मैं नही जानता, यह सब कैसा हो गया था, उसमें लपेटा हुआ था! और यह मेरी शर्ट में था, और ये मेरी शर्ट में से होकर गिला हो गया था। मैंने सोचा, "मैं जरा रुक कर और इसे खाऊंगा, और हो सकता है... ये तब यह सब सही हो जाएगा।" इसलिए मैंने सैंडविच को निकाला, लगभग दस बजे की बात है, और मैंने सैंडविच को खाना आरंभ किया। और जब मैं सैंडविच को खा रहा था, मैंने सोचा, "अब मुझे ठीक लगने लगेगा।"

और मैंने आगे बढ़ना आरंभ किया, लेकिन किसी ने तो कहा, “वापस जाओ, जहां से तुम आए हो!”

97 “उस तूफान में से होते हुए वापस, एक आधा मील या और पीछे पहाड़ पर, उस अँधेरे वन में? ” जहां से आप मुश्किल से ही दूर–दूर तक किसी साधन को देख भी नही सकते हो। लेकिन मैं एक बूढ़ा व्यक्ति हो रहा हूं, और मैं पिछले तीस वर्षों से एक मसीही रहा हूँ; और मैं जानता हूं, कोई फर्क नहीं पड़ता यह कितना मूर्खतापूर्व दिखाई देता है, प्रभु को सोचे, उसे करो, जो प्रभु करने के लिए कहता है।

98 और मैं मुड़कर और वापस खाड़ी की ओर जाने लगा, मेरे वापसी के रास्ते को समझने लगा। ओह, बर्फ के ओले बढ़ते और बढ़ते जा रहे थे; अंधकार गहरा और गहरा होता गया। और मैं वहां पर बैठ गया और मेरे कोर्ट को इस तरह से वहां पर रख दिया और मेरी शर्ट के अन्दर फिर से दूरबीन पर रख दिया, नीचे बैठ गया। मैंने सोचा, “मैं यहां पर क्या कर रहा हूं? मैं यहां ऊपर वापस क्यों आया हूं? ”

99 और मैं बस कुछ मिनट तक रुका रहा। और मैं फिर से उठ खड़ा हुआ, और मैंने इतना साफ जो मैं कभी सुनना चाहता हूँ, एक आवाज ने कहा, “मैं धरती और आकाश का सृष्टिकर्ता हूं! मैंने हवाओं और बारिश को बनाया है!” मैंने अपनी टोपी को उतार दिया।

100 मैंने कहा, “महान यहोवा, क्या यह आप हैं? ”

101 उसने कहा, “मैं ही वो एक हूं जिसने हवाओ को समुंद्र पर से शांत किया। मैं ही वह एक था, जिसने लहरों को नीचे किया। मैंने आकाश और धरती को बनाया है! क्या मैं नही था, क्या मैं वो नहीं था जिसने तुम्हें बताया कि तुम उन गिलहरियों के लिए बोलो और वे अस्तित्व के अंदर आ गई? मैं परमेश्वर हूं।”

102 अब, जब एक आवाज आपसे बातें करती है, वचन से देखो। यदि यह वचन से नहीं है तो आप उसे ऐसे ही छोड़ दें; मैं परवाह नहीं करता यह कितनी साफ है, आप इससे दूर रहे।

103 मैंने कहा, “हां प्रभु।”

104 उसने कहा, “तूफ़ानों और आंधियों से बोलो, और यह दूर चली जायेगी।” अब, यह बाइबल मेरे सामने रखा हुआ है, जिसमें मेरा जीवन है।

105 मैं उठ खड़ा हुआ, और मैंने कहा, "मैं आपकी आवाज़ पर संदेह नहीं करता हूं, प्रभु।" मैंने कहा, "बादल, बर्फ, बारिश, ओले, मैं तुम्हारे आगमन को वापस भेजता हूँ। यीशु मसीह के नाम में अपने स्थानो में चले जाओ! मैं कहता हूं उस सूर्य को तुरंत ऊपर आना अवश्य है, और चार दिनों तक चमकना है, जब तक हमारे शिकार का दौरा पूरा नहीं हो जाता और मैं अपने भाइयों के साथ निकल नहीं जाता।"

106 ये हवा का झोंका था, तभी जाते हुए "वूश्श्शश्श्श्श्श" इस तरह से। और इसने जाना आरंभ किया, जाते हुए, "वूश्श्श" फिर यह चला गया, "व्यूह, व्यूह, व्यूह, व्यू।" बंद हो गया!

107 मैं स्थिर खड़ा रहा। मेरे भाई वहां ऊपर सोच रहे थे, क्या घटित हो रहा है। और वे ओले और बारिश रुक गई। और कुछ हवा पहाड़ों में से होती हुई आयी और बादलों को ऊपर उठा लिया, और कुछ *यहां* चले गए, पूर्व, पश्चिम, उत्तर, दक्षिण। और कुछ ही मिनटों में सूर्य सुंदर तरीके से चमकने लगा और गरम होने लगा। यह सत्य है! परमेश्वर जानता है, यही सच्चाई है!

108 मैं बस वहां पर खड़ा होकर, केवल यहां–वहां देखने लगा; मेरी टोपी को उतारते हुए, मैं देख रहा था। मैंने... आप कहेंगे... मैं पूरी तरह से सुन्न हो गया था।

109 मैंने सोचा, "ये वही सृष्टि का परमेश्वर, यह सब उसी के हाथ में है। जिसे वो मुझे बता रहा था।"

110 और मैंने अपनी बंदूक को लिया, उसके दूरबीन को साफ किया, वापस नीचे घाटी की ओर जाना आरंभ किया। और किसी ने मुझसे कहा, "तुम मेरे साथ इस जंगल में सैर करने क्यों नहीं चलते हो, मेरे साथ चलो? "

111 मैंने कहा, "हां प्रभु, मेरे पुरे ह्रदय से; यह मेरे लिए बहुत बड़ी बात होगी, जिसे मैं कर सकता हूं कि आपके साथ चलूं।" तो मैंने अपनी बंदूक को अपने कंधे पर रखा और उसमें से होकर चलना आरंभ किया; वहां कभी एक कुल्हाडी भी नहीं चलाई गयी थी, अछूता वन, जिसमें से होते हुए चलना आरंभ किया।

112 और जब मैंने साथ ही चलने लगा, शिकार की पगडंडीयों से होकर, मैंने ऐसा महसूस किया जैसे, "मैं सोचता हूँ कि मैं उस जगह पर जाऊंगा जहां... कल हमारी विवाह की सालगिरह थी, और मैं वहां पर कुछ मिनटों

के लिए खड़ा रहूंगा; मेडा को जरा सलाम करने के लिए, जहां पर छोटे बिल पर एक विषेले सर्प का छोटा झुण्ड था," और मैंने कहा, "मैं सोचता हूं, मैं वहां ऊपर जाकर मैं अपनी विवाह की सालगिरह को एक सलाम दूंगा, फिर मैं वहां वापस नीचे दूसरी तरफ जाऊंगा, उन घने जंगल में और यहां–वहां चलूंगा, और यहाँ–वहां जाकर, आगे कोरल शिखर की ओर जाऊंगा और फिर से वापस उस मार्ग में आ जाऊंगा।" बस चलते जा रहा था और आनंद कर रहा था।

113 मैं कह रहा था, "पिता, मैं जानता हूं आप मेरे साथ चल रहे हैं। और क्या ही सौभाग्य की बात है; कोई भी इतना महान नही है जिसके साथ में चल सकूँ; उसी परमेश्वर के साथ!" और वहां गरम सूर्य चमक रहा था!

114 यहां तक, जब मैं पहाड़ों में बाहर आया। और पेट्रोल भरने के स्थान पर रुका और मैंने कहा, "क्या सुंदर दिन है!" तीन दिनो के बाद। उस देश के किसी भाग पर कभी बारिश नहीं हुई, जब तक चार दिन नहीं बीत गए थे। सूरज हर दिन चमकता रहा। क्या यह सही है, भाइयों? [भाइयों ने, "आमीन" कहा—सम्पा।] और आकाश में एक बादल भी न था।

115 और मैं पेट्रोल भरने की जगह से बाहर आया, मैंने कहा, "निश्चय ही क्या एक सुंदर दिन है।"

"हां यह है!"

मैंने कहा, "बहुत ही सुखा रहा।"

116 कहा, "यह एक अजीब सी बात है!" इस उपस्थित व्यक्ति ने कहा, कहा, "आप जानते हैं, उन्होंने हमें बताया हम एक बहुत बड़े बर्फीले तूफान से जायेगे, लेकिन अचानक ही ये रुक गया!"

117 मैं आगे बढ़ा, न्यू मैक्सिको के मार्ग में। बिली और मैं, मेरा बेटा एक छोटे से स्थान पर कुछ लेने के लिए गए... सुबह को निकले और मैने कहा, "निश्चय ही यह बहुत एक सुंदर दिन है।"

"हां यह है!"

मैंने कहा, "यह बहुत ही ठंडा दिखाई देता है।"

"हां, ऐसा दिखाई दे रहा है!"

मैंने कहा, "क्या आप यहीं से हैं? "

118 कहा, “नहीं, मैं विस्कोंसिन से हूं,” या कही से तो वो था। कहा, “मैं यहां लगभग बीस वर्षों से आ रहा हूं, इसलिए मैं सोचता हूँ आप इसे घर जैसा कह सकते हैं।”

119 मैंने कहा, “फिर यहाँ के एक निवासी है, मैं सोचता हूं।” इसलिए मैंने कहा, “हां श्रीमान।” तो मैंने कहा, “ऐसा दिखाई देता है, बहुत ज्यादा धूल से भरा हुआ है।”

120 कहा, “क्या आप जानते हैं बहुत ही अजीब सी बात घटित हुई है!” कहा, “हमने एक मौसम का अनुमान सुना था, हमें बर्फीले तूफान मिलेगा, बहुत सी बर्फ गिरेगी; और यह असल में आरंभ भी हो गई था और बाद में बंद हो गया!”

121 मैंने कहा, “आप ऐसा ना कहे,” और बिल्कुल शांत हो गया।

122 और मैं घर पर आया। और भाई टॉम ने कहा कि उसे बताया गया था उस रास्ते से मत जाना, एक बर्फीला तूफान वहां से निकलने वाला था। और वह ठीक उस देश में से आया, यहाँ तक बिना एक बारिश का छीटें या किसी भी चीज के! वह अब भी परमेश्वर है, देखो, उतना ही जितना वह हमेशा से रहा था। समझे?

123 वहां ऊपर जाते हुए, मैं आगे जा रहा था... अब, यह वाला भाग, मैं आशा करता हूं, मेरी पत्नी को ये टेप नहीं मिलेगी। देखा? लेकिन, मैं आपको कुछ तो बताने जा रहा हूं और अब, मैं—मैं आपको नही बताता... मैं केवल आपको सच्चाई को बताऊंगा, देखो, और केवल यही इसे करने का तरीका है। मैं हमेशा ही सोचता हूँ, मेरी पत्नी मेरे लिए शिकायत क्यों नहीं करती है, जब मैं हमारी विवाह की सालगिरह पर बाहर उन दौरों पर जाता हूँ। आप जानते हैं, मैंने अपने मन में क्या सोचा था? मैंने कहा, “मेरे घर के आस-पास बहुत से लोग रहते है, और फिर मैं हमेशा ही, आप जानते हैं, मैं कैसा गंभीर रहता हूँ। और जो भी मैं बात करता हूं, और मैं परमेश्वर, बाइबल या जो कुछ है उसके बारे में बात करना चाहता हूँ। हो सकता है, वह सोचती होगी यह उसके लिए थोडा आराम मिल जाता है। वह मुझे कुछ दिनों के लिए दूर जाने देती है, शिकार करने के लिए।” मैं, यह अकेला ही सोचकर, साथ ही वहां के लिए निकल जाता।

124 जो, मैं... मैं, मैं उसे क्षमा मांगुगा, और मैंने—मैंने परमेश्वर से इस तरह के विचार के लिए क्षमा मांगी। क्योंकि मैं वहां पर अकेला ही जाता था, मैंने

सोचा, "तो वह सोचती है... तो, मेरे प्रभु! वो, वो एक घरेलु स्त्री है, आप जानते हैं, और—और हर समय रसोई घर में रहती है या नहीं तो वह बाहर... "

125 और आपमें से हर जन उसे जानता है, कि कपड़े धोने की मशीन हमेशा ही चालू रहती है। और इसलिए मैं जाकर उसे बाहर खींचता, और कहता हूं, "इस तरफ से कपड़ों को मत धोते रहना, मुझसे बात करो, देखो, मैं तुमसे प्रेम करता हूं, मुझे तुम्हें कुछ बताना चाहता हूं; तुम भी मुझे कुछ बताओ।"

126 उसने कहा, "ठीक है, तुम जानते हो मैं प्रेम करती हूं, " फिर वो कपडे धोती रहती वैसे ही मेहनत करती जैसे वो हमेशा करती है।

127 "मैं नहीं चाहता कि तुम इस तरह से करो, मैं चाहता हूं कि तुम यहां मेरे सामने आकर बैठो।"

128 "ओह, बिल मेरे पास, काम करने के लिए बहुत कुछ है!"

129 और मैंने सोचा, "तो ठीक है, देखो, मेरे यहां से चले जाने से, उसे काम करने के लिए समय मिल जाता है।" यह सोचकर मैं वहां अकेला ही चला जाता था।

अब याद रखना, मैंने इस बाइबल को यहां पर रखा है, ताकि तुम देखो कि मैं वचन के सम्मुख खड़ा हूं।

जैसे मैं अकेला चल रहा था, कुछ तो मेरे साथ हुआ, मैंने आरंभ किया...

130 मैंने उस बारे में सोचा था कि जब मैंने उसे वहां ऊपर हनीमून पर पहले लेकर गया था। वो बहुत ही सुंदर थी, छोटी सी, काले बाल, भूरी आंखों वाली लड़की, और मैं उसे उन लकड़ियों के लट्ठे के ऊपर उठा कर बैठाता, आप सारी बात को जानते है और आदि, मैंने उसे वहां उस स्थान पर ले जाने की कोशिश कर रहा था, जहां मैंने कुछ भालुओं को मारा था। और मैं उसे यह दिखाना चाहता था... जहां पर मुझे यह भालू मिले थे। और वो मेरे उन घुड़सवारी के जूतों को पहने हुई थी। और यह लगभग इक्कीस या बावीस वर्ष पहले की बात है; इक्कीस वर्ष, मैं सोचता हूं यह उस वक्त की बात है। हमने 1941 में विवाह किया था। और मैं उसे इन लकड़ियों लट्ठे के ऊपर उठा कर बैठाता, आप जानते है।

131 अब मैंने सोचा, "अब वो छोटी बेचारी स्त्री, मेरे साथ दिन काटते हुए, अब वो अब बूढ़ी हो रही हैं।" जी हां, मैंने सोचा, "तो ठीक है," और मैं गया... [भाई ब्रन्हम अपने गले को साफ करते हैं।—सम्पा।] और मैंने कुछ दिनों से दाढ़ी साफ नहीं की थी, और मैंने देखा कि मैं भी बुढा होने लगा हूँ! और मैंने देखा, मेरी दाढ़ी यहाँ से सफेद होने लगी है, और मैंने सोचा, "बुढे आदमी, अब तू समाप्त होने पर है, देखो, तुम जो कुछ भी करने जा रहे हो, अच्छा होगा जल्दी से कर लो। तुम भी बुढे होते जा रहे हो।" देखा?

132 और इसलिए मैं, इस तरह से अकेला निकल गया, कुछ तो बात ने जगह ली। अचानक ही, मैं हर एक चाल–ढाल में, हर तरह से, एक लड़का हो गया था, मेरी विचार प्रक्रिया एक लड़के के जैसे थी। और मैंने अपने सर को नीचे करके और ऊपर की ओर देखा। और बिल्कुल जैसे साफ तौर से मैंने उसे कभी देखा था वैसे ही, वो वहां मेरे सामने अपनी बाहों को फैलाए खड़ी थी, और मैं रुक गया; अपने चेहरे को मला। और मैंने देखा। मैंने कहा, "मेडा क्या यह तुम हो, प्रिय? "

133 मैंने यहां पर देखा, मैंने सोचा, "अब यह क्या हुआ? " और मैंने सोचा, "हाँ, मैं परमेश्वर के साथ चल रहा हूं।" और फिर यह सब बदल गया, मैं वापस फिर से एक बूढ़ा व्यक्ति हो गया था, और मेरे सामने से दर्शन चला गया था।

134 और मैं रुक गया; और मैंने अपनी टोपी को फिर से निकाला, और अपने हृदय के ऊपर रखा। मैंने कहा, "यीशु, मेरे हृदय पर बहुत वर्षो से बोझ है, मुझे आपको कहने की आवश्यकता नही है कि मेरे पास बोझ है। मैंने पश्चाताप किया है, मैंने पश्चाताप किया है, मैंने वो सब कुछ किया है, जो मैं जानता हूं। और ये बोझ मुझे छोड़ कर क्यों नहीं जा रहा है? "

135 और मैंने बस चलना आरंभ रखा। और जब मैं इस इस छोटे से टीले पर पहुंचा, जो केवल लगभग तीस या चालीस यार्ड, मेरे सामने की ओर था; मैंने इस छोटे से टीले पर चलना आरंभ किया, मैं बहुत ही कमजोरी महसूस करने लगा था। और वहां पर एक छोटा सा आवाज़ करता सर्प था, लगभग दस इंच लम्बा, ऊपर आकर और उसने एक एल (L) आकार को बनाया और फिर वापस ऊपर चला गया। और जैसे ही मैं वहां पहुंचा, मैं बहुत कमजोरी महसूस करने लगा, मैं लड़खड़ा रहा था। तो मैं बस...

मैंने अपनी टोपी को वापस पहन लिया और अपने सर को इस तरह से टिकाया; बस वहां पर खुद को ठीक किया, अपने सर को यहाँ मैंने इसके विपरीत रखा, जहाँ वो आवाज़ करता सर्प इस तरह से था। यह एक पहाड़ी पेड़ है। यह जैसे, ये सनौबर के पेड़ जैसा दिखता है, आप जानते है। और ये एक... और मैं वहां उस के सहारे लेटे पडे हुए था। मैं तभी वहां पर अपने सर को झुकाये हुए खड़ा हुआ था, उस सूर्य की गर्मी मेरे पीठ पर आ रही थी। और मैं सोच रहा था, "वही परमेश्वर, जिसने बारिश और उस तूफान को रोका।"

136 और मैंने कुछ तो आवाज को आते सुना, "टिप, टिप, टिपट।"

137 मैंने सोचा, "यह क्या है? पानी गिरना पूरी तरह बंद हो गया है। सूरज निकला हुआ है। यह टिप (आवाज़) क्या है?" मैंने नीचे देखा, यह मेरी खुद की आंखों से बहता हुआ पानी था, मेरी सफेद दाढ़ी में से होकर नीचे बह रहा था और उन सुखी पत्तियों पर गिर रहा था, जिसे परमेश्वर ने सुखा दिया था, जो मेरे सामने गिरी पडी थी। और मैं बस *इस* तरह से वहां बिल्कुल उस पेड़ के सहारे खड़ा हुआ था। मेरा हाथ, मेरा*यह* हाथ नीचे था, मेरा सर पेड़ के ऊपर रखा हुआ था, मेरा हाथ *इस* तरह से बंदूक की नली पर था, वहां खड़ा हुआ और रो रहा था।

138 मैंने कहा, "परमेश्वर, मैं आपका सेवक होने के योग्य नहीं हूं।" और मैंने कहा, "मुझे क्षमा करे, मैंने—मैंने एक... मैंने बहुत सी गलतियां की हैं। मेरा गलतियां करने का कोई उद्देश्य नहीं था, प्रभु। आप मेरे लिए बहुत ही भले रहे हैं।"

139 मेरी आंखें बंद थी; और मैंने कुछ तो होते हुए सुना, "स्टॉम्प, स्टॉम्प; स्टॉम्प, स्टॉम्प।"

140 मैंने अपनी आंखों को उठाया, और मेरे ठीक सामने तीन हिरण खड़े हुए थे। और मैंने सोचा, "वहां पर एक भाई इवांस के लिए है, एक, भाई वुड्स के लिए है। और वहां पर तीन हिरण खड़े हुए है, देखो, बस जिसके लिए मैं देख रहा हूँ।" अब बारिश रुक गई थी; मैं अपनी बंदूक को लेने के लिए आगे बढ़ा। मैंने कहा, "मैं यह नहीं कर सकता हूं, मैंने परमेश्वर से प्रतिज्ञा की है कि मैं यह नहीं करूंगा।" देखा? "मैंने उससे प्रतिज्ञा की है मैं इसे नहीं करुंगा।"

141 और किसी ने मुझसे कहा, "लेकिन यह वहां पर है!"

142 और मैंने सोचा, "हाँ... यही है, जो एक—एक मनुष्य ने दाऊद को एक समय कहा था। 'मैंने कहा, परमेश्वर ने उसे छुड़ाया है, ये तुम्हारे हाथों में है।'" आप जानते हैं, राजा शाऊल को।

143 और योवाब ने उसे बताया, "उसे मार हो! वहां पर वो पड़ा हुआ है!"

144 और उसने कहा, "परमेश्वर ने उसके अभिषेक को छूने को मना किया है।"

145 और वे हिरण वहां खड़े होकर और मुझे देखने लगे। और मैंने सोचा, "वे भाग नहीं सकते हैं। उनके भागने का कोई भी रास्ता नहीं है। वह मुझसे तीस यार्ड की दूरी पर भी नही है। और मैं इस बंदूक को लेकर, यहां पर खड़ा था, और वहां वे तीन हिरण थे। नही, मैं इसे नहीं कर सकता हूँ। मैं—मैं इसे नहीं कर सकता हूँ।" ये एक मादा और दो छोटे बच्चे थे। इसलिए मैं—मैं—मैं बस बन्दुक को नही उठा पाया। मैंने कहा, "मैं नहीं कर सकता हूं।" मैं—मैं थोडा भी नहीं हटा। मैं बस वही पर रुके रहा। मैंने कहा, "मैं इसे नहीं कर सकता, क्योंकि मैंने परमेश्वर से प्रतिज्ञा की है कि मैं इसे नहीं करुंगा। हालाँकि, उन भाईयों को, उन्हें—उन्हें उन हिरण की आवश्यकता भी नहीं है। समझे? मैं—मैं यह नहीं कर सकता हूं। मैं बस इसे नहीं कर सकता हूं।"

146 और वह मादा चलकर आयी। अब ध्यान से सुनना, वहां ऊपर वे सौ पुरुष थे, जो उन पर चार-पांच दिनों से गोलियां चला रहे थे। क्या डरे हुए थे? वो पहले लाल चिन्ह... और मैंने लाल रंग की शर्ट और लाल टोपी पहन रखी थी। पहले तो उन्हें लाल चिन्ह पर ही चले जाना था, लेकिन वे वहां पर ही खड़े थे, वे तीनों, ठीक मेरी ओर देख रहे थे।

147 मैंने कहा, "मां, अपने बच्चों को लेकर और इस जंगल में चले जाओ। तुम मेरे हाथों में हो। मैं... तुम्हारा जीवन मेरे हाथों में है, लेकिन मैं तुम्हें कुछ नुकसान नहीं पहुंचाऊंगा। मैंने परमेश्वर से प्रतिज्ञा की है कि मैं ऐसा नहीं करुंगा।" देखा? और वह और नजदीक चल कर आई। उसने मेरी ओर देखा। वे सब इतने नजदीक आये, इतना तक कि मैं उन्हें लगभग अपने हाथों से खिला भी सकता था। वे, हवाये उनके ऊपर उड़ रही थी। तो, वो वापस पीछे मुडी, वे सब तीनो ही कुछ कदम पीछे हटे।

148 और यहां पर वो फिर से वापस आई, मेरे पास चलकर आई। मैं थोडा भी नही हिला; बस वहीं पर खड़ा रहा। मैंने कहा, "उस जंगल के अंदर चले

जाओ; मैं भी इसे पसंद करता हूं। जीना! देखो, तुम्हारा जीवन मेरे हाथों में है, लेकिन मैं तुम्हें छोड़ दूंगा। तुम भाग नहीं सकते, तुम जानते हो, तुम नहीं भाग सकते।" मैं उन तीनों को एक क्षण में ही खत्म कर सकता हूं, तीन क्षणों में, कैसे भी, जितना तेजी से मैं गोली को चला सकता हूँ; और वह भाग नही सकेंगे, वह ठीक मेरे सामने खड़े थे। देखा? और मैंने कहा, "मैं तुम्हें छोड़ देता हूं, चले जाओ, जीयो।" और मैं वहां खड़ा रहा। वह चल कर निकल गए, जंगल के अंदर चले गए।

149 मैंने अपने चेहरे को *इस* तरह से साफ किया, और फिर तभी कुछ तो घटित हुआ। एक आवाज आयी, बहुत ही साफ, वहां ठीक उस नीले आकाश में से, ना ही एक बादल से। यह लगभग कुछ ही समय के अन्दर हुआ... कुछ ही समय में। और एक आवाज बोल उठी और कहा, "तुमने अपनी प्रतिज्ञा को याद किया, क्या तुमने नहीं किया? "

150 मैंने कहा, "हां प्रभु।"

151 उसने कहा, "मैं अपनी भी प्रतिज्ञा को याद करूँगा, 'मैं तुम्हें कभी नहीं छोड़ूंगा, और तुम्हे नहीं त्यागुंगा।'" वो बोझ मेरे हृदय में से चला गया। यह तब से लेकर नहीं है; होने पाए यह कभी भी फिर से नहीं हो।

152 फिर मैं ट्यूसान में आया। अजीब बात थी, मुझे कभी भी नहीं हुआ था, जब से मैं वहां से आया था। मैं—मैं इसे विश्वास करता हूं कि यह परमेश्वर ने उस घड़ी के लिए इसे रोके रखा था। मैं विश्वास करता हूं कि समय अब नजदीक है, क्योंकि कुछ तो अवश्य ही जगह लेना है।

153 यदि हम केवल इस सच्चाई को ले सकते हैं तो! अब कुछ समय के लिए। यदि हम केवल इसे समझ सकते है कि इस वचन मतलब का क्या है, "वो जो तुममें हैं उस से बढकर है, जो संसार में है।" हम इसे नहीं समझ सकते हैं, फिर भी हम कहते हैं, हम इसे विश्वास करते हैं। और हम जानते हैं यह सच्चाई है, लेकिन हम सचमुच में इसे नहीं समझ सकते हैं।

... बढकर है वो जो तुम में, जो संसार में है उससे।

तुम में क्या है, जो बढकर है? यह मसीही है, वो अभिषेकित! परमेश्वर, जो मसीही में था, तुम में है। "बढकर है, वो जो तुम में है, उससे, जो संसार में है।"

154 फिर यदि वो तुम में है, यह तुम नहीं हो, जो अब जी रहे हो, यह तो वो है, जो आप में जी रहा है। समझे? यह आप नहीं सोच रहे होते हैं,

आप इसके बारे में क्या सोचेगे; यह तो वो है, जो इसके बारे में कहता है। समझे? फिर, यदि वो तुम में है, तो वो मनुष्य निश्चय ही इंकार नहीं करेगा, जो उसने कहा है। वह ऐसा नहीं कर सकता है। लेकिन वह उसे मानेगा, जो उसने कहा है, और वो उस व्यक्ति को ढूंढने की कोशिश करता है जिसमें से होकर वो अपने आप को प्रमाणित करें।

155 अब, इसका यह मतलब नहीं कि वो इसे हर किसी के साथ करता है। मूसा के समय में इस्राएल के बच्चों की अगुवाई की, वहां पर एक था, जो मूसा था। बाकी के लोगो ने केवल संदेश का अनुकरण किया। समझे? उनमें से कुछ लोगो ने उठकर इसकी नकल करने की कोशिश की, परमेश्वर ने कहा, "अपने आपको अलग करो," और बस उन सबको निगल लिया। समझे? समझे?

156 अब, लेकिन, "बढकर है, वो जो तुम में है, उससे, जो संसार में है," परमेश्वर तुम में है, जैसे वो यीशु मसीह में था। क्योंकि, जो कुछ परमेश्वर था, उसने मसीह में उंडेल दिया; और जो कुछ मसीह था, उसने कलीसिया के अंदर उंडेल दिया। देखो, यही परमेश्वर आप में है, "वो वही तुम में है।"

157 कोई आश्चर्य नही, हवाओ और लहरों ने उसकी आज्ञा का पालन किया, उसके शब्दों का पालन किया; उसके शब्दों का पालन किया, क्योंकि यह उसमें से होकर परमेश्वर का वचन था। वह एक मनुष्य था; लेकिन वह वचन था, जो देहधारी हुआ। समझे? और जब उसने बोला, यह मनुष्य के होठों से बोलता हुआ परमेश्वर था। समझे? कोई आश्चर्य नही, हवाओ और लहरों ने... वही सृष्टिकर्ता, जिसने आंधी और लहरों की सृष्टि की, उस में था। अब, इस पर सोचे! अब गहराई से सोचें, आगे मैं इस समाप्ति के क्षण में आ रहा हूं। कोई आश्चर्य नहीं, दुष्टआत्माये उसके शब्द पर लकवाग्रस्त हो गई थी! यह उसमें परमेश्वर था। यह मसीह में परमेश्वर था। दुष्टआत्माये लकवाग्रस्त हो गई थी। कोई आश्चर्य नही, वह मुर्दे जो मिट्टी में मिल गए थे, उसके शब्द पर, वहां नहीं पड़े रह सके! क्योंकि, वो वचन था।

उसने लाजरस से कहा, चार दिन से मरे होने और बदबू आने के बाद; उसका चेहरा, नाक, सड गया था, ज्यादा समय होने के कारण। "लाजरस बाहर आ!" और एक मरा हुआ मनुष्य, अपने पैरों पर खड़ा हो गया। क्यों?

यह परमेश्वर था। वह जो मसीह में था वो परमेश्वर था। उसकी उपस्थिति में मुर्दे नहीं खड़े हो सके। यह मसीह में परमेश्वर था।

158 वह हवायें, अब याद रखना, परमेश्वर ने हवाओ की सृष्टि की; यह वो वायु है, परमेश्वर ने लहरों की सृष्टि की; यह तो वह पानी है। लेकिन जब शैतान इसके अंदर चला जाता है, वह इसे हिलाने लगता है, विनाश लाने के लिए। परमेश्वर ने मनुष्यो को बनाया, परमेश्वर के पुत्र होने के लिए, लेकिन जब शैतान उनके अंदर चला जाता है, देखो, यह गड़बड़ी को लाता है। अब यह शैतान था, जो उन हवाओ के अंदर जाकर और जो उस तूफान को भेजता है। क्या यह वही सृष्टिकर्ता नहीं हो सकता, जिसने हवाओ को बनाया और कहा, "वापस जाओ, जहां पर मैंने तुम्हारी सृष्टि की थी"?

क्या यह वही सृष्टिकर्ता नहीं था, जो वहां कोलोराडो की पहाड़ी पर एक दिन खड़ा था? [सभा कहती है, "आमीन।"—सम्पा।] देखा?

क्या यह वही नहीं था, जो एक मछली को लेकर और इसे तोड़ सकता है और कुछ और टुकडो को बढ़ाता जाता है? वास्तव में यह होने के लिए, उसके पास नही था। वो इसे बोल सकता था।

क्या यह वही परमेश्वर नही है जिसने गिलहरियों की सृष्टि की? [सभा कहती है, "आमीन।"—सम्पा।] फिर वो जो मसीह में था, हम में है, देखो, क्योंकि यह उन्हीं कामों को करता है जो उसने किये, वही काम।

मुर्दे उसकी उपस्थिति में, उसके शब्द पर नहीं खड़े हो सके।

159 देखो, हमारे पास पांच लोगों के वास्तविक कथन है, "मरे हुए थे," और प्रभु दर्शन को दे रहा था, और उनके पास जाकर और उन्हें वापस जिलाया। यहां पर वो एक बैठा है, ठीक यहां पर अभी, जो उस वक्त वहां पर मरा हुआ था, जहाँ वो ठीक अभी बैठा हुआ है। और यहां पर आज रात को वो जीवित है; जिसे एक हृदय का दौरा पड़ा था। वहां उसकी पत्नी है, जो एक नर्स है। हम नीचे गए; सब कुछ खत्म हो चुका है, उसकी आंखें चढ़ गयी थी, और वह जा चुका था। यहां पर वह है, जीवित, "क्योंकि वो बढकर है जो *यहां* पर है, उससे, जो उस संसार में है!"

160 बढ़कर है वो! यह परमेश्वर है, वह सृष्टिकर्ता! हवाओ और लहरो को उसकी आज्ञा का पालन करना था। दुष्टआत्माये लकवाग्रस्त हो गयी। सारी प्रकृती ने उसकी आज्ञा को माना, क्योंकि वह प्रकृती का सृष्टिकर्ता था।

ओह, जब हम इन बातों को सोचते हैं, ये हमें स्तंभ कर देती है। तब, हम इन चीजों को समझने लगते हैं, आप समझे। यह क्या है? यह मनुष्य नहीं है, मनुष्य इसे नहीं कर सकता है; मनुष्य तो सृष्टि का भाग है। समझे? लेकिन यह हवायें और लहरें हैं, जो सृष्टिकर्ता की आज्ञा का पालन करते हैं। समझे?

और इसे करने के लिए सृष्टिकर्ता को होना है। क्योंकि वो जो तुम में है, उससे बढ़कर है, वह जो संसार में है। वह उन उत्पात का कारण हो सकता है, वही, जो संसार में है। वो जो तुम में है, सृष्टीकर्ता है, जिसने हवाओ को बनाया। वो हवाओ में से शैतान को डांट सकता है, और वहां पर शांति हो गयी। और वो तूफान में से शैतान को डांट सकता है, वहां पर कोई भी तूफान नहीं था। वह सृष्टिकर्ता है, "और वह जो तुम में है, जो वह संसार में है, उससे बढ़कर है।" समझे?

161 शैतान संसार का है। संसार उसी का है। वह हमेशा से ही उसका रहा है, "तुम क्यों गिर गये, ओ लूसीफर, भोर के पुत्र? " देखो, संसार उसी का है। यहीं, जब उसे स्वर्ग में से लात मारकर बाहर कर दिया, वह इसके लिए वापस आया है। समझे?

162 वही वो एक था जिसने मसीह से कहा, "ये राज्य मेरे है, मैं वही करुंगा जो मैं चाहूंगा।" वे उसी के हैं, और वही है वो "जो संसार में है।"

163 यूहन्ना ने केवल चेलों को बताया, "तुमने मसीही विरोधी के बारे में सुना है, जो आने वाला है और वो यहां पर पहले से ही आज्ञा न मानने वालों के अन्दर कार्य कर रहा है, लेकिन छोटे बच्चों, तुम इस संसार के नहीं हो। तुम परमेश्वर के हो। और वो जो तुम में है, उससे बढ़कर है, वह जो संसार में है।" यही मसीह तुम में है!

164 वह जिसने—जिसने धरती और आकाश को बनाया, जो यीशु मसीह व्यक्ति के अंदर प्रगट हुआ था; परमेश्वर मसीह में, खुद को संसार के साथ मेल–मिलाप करा रहा था।

आइए कहें, आप कहेंगे, "फिर भी, वह तो परमेश्वर का पुत्र था, भाई ब्रन्हम।" तो ठीक है, आइए देखेंगे यदि वह अनंतकालीन, सनातन परमेश्वर है।

165 बढ़कर था वो, जो यहोशु में था, उस सूरज से। और यहोशु एक मनुष्य है, आपके और मेरे जैसा पाप से जन्मा था। और बढ़कर था वो, जो यहोशु

में था, और वो सूरज जो परमेश्वर के आज्ञा के द्वारा चलता था। परमेश्वर ने सूरज को चमकने की और अपने आप में घूमने की आज्ञा दी, और इसे परमेश्वर के नियम के द्वारा संचालित और नियंत्रण किया जाता है। लेकिन बढ़कर था वो जो यहोशु में था; उससे जो परमेश्वर के नियम थे; क्योंकि वह सृष्टिकर्ता, स्वयं यहोशु में था, जब यहोशु ने ऊपर सूर्य की ओर देखकर और कहा, “तुम वही पर खड़े रहो जहां पर तुम हो। और चांद वही पर बने रहो, जहां पर तुम हो, जब तक मैं लड़ाई को समाप्त नहीं कर देता हूं।” और सूर्य और चंद्रमा ने उसकी आज्ञा को माना, क्योंकि वह जो यहोशु में था, वह उस—उस सूर्य और चंद्रमा से बढ़कर था। वो जो यहोशु में था!

166 वह जो मूसा में था, उस मिस्त्र से बढ़कर था। मिस्त्र संसार की सबसे शक्तिशाली सेना थी, मिस्त्र की सेना ने उस समय पर संसार पर जय पाई थी। लेकिन बढ़कर था वो, जो मूसा में था, उससे जो मिस्त्र था, क्योंकि मूसा ने मिस्त्र पर जय पाई। बढ़कर था वो जो मूसा में था, उससे जो स्वयं यहाँ तक प्रकृती में था। क्या आपने कभी सोचा कि परमेश्वर ने उसके वचन को लिया और उसे मूसा को दिया और कहा, “वहां जाकर और सूर्य को कहो कि मत चमकना”? और सूर्य घोर अंधकारमय हो गया! क्या यह सही है? वह सूर्य को चमकने को लगा सकता है, और बादलों को पीछे हटा सकता है या वो सूर्य को अंधकारमय बना सकता है। वह परमेश्वर है; वह जो कुछ भी चाहे कर सकता है, और वो विश्वास करने वाले बच्चो में है! आमीन। ऐसा ही है।

167 वहां उस स्थान में एक भी मक्खियां नहीं थी। हो सकता है, ये गर्मियों का समय था, वहां कोई मक्खियां नही थी, लेकिन परमेश्वर ने मूसा से कहा, “जाकर मेरे शब्दों को कहो, मैं तुम्हारे मन में डालूंगा कि क्या बोलना है। और वहां पर जाकर और जमीन से कुछ मिट्टी को लेना और उसे ऊपर हवा में मिट्टी को उछालना।”

168 और उसने कहा, “वहां पर मक्खियां होने दो!” और संभवत: वहां सारे जमीन पर बहुत बड़ी मक्खियां कुछ ही घंटो में रेंगने लगी। क्या यह सही है? वो सृष्टीकर्ता!

169 वहां कोई भी मेढक नही थे, सो उसने अपनी लाठी को निकाला और कहा, “वहां पर मेढक होने दो!” और हर कहीं पर कूदते हुए मेढक थे, इतना

तक कि सारा देश दुर्गन्ध–युक्त हो गया। क्या यह सही है?

170 जब वो लाल समुद्र के पास आया और ये उसके रास्ते पर था, परमेश्वर ने कहा, "समुंद्र से बोल।" मूसा ने समुद्र से बोला; और बढ़कर था वो, जो मूसा में था, उससे, जो समुद्र स्वयं में था। क्या यह सही है? ओह, प्रभु! अब आप देखिए, बढ़कर था वो, जो मूसा में था, उससे जो संसार में है। बढ़कर था वो, जो मूसा में था, उससे जो कुछ भी संसार में की प्रकृती थी। उसने प्रकृति को आज्ञा दी। और जो कुछ भी परमेश्वर ने उसे कहने के लिए कहा, उसने उसे कहा, और उसी तरह से यह वहां पर था।

171 वही परमेश्वर आज रात हमारे साथ है! हमारे साथ ही नहीं है, लेकिन हमारे अंदर है! उसने साबित किया है वह हमारे अंदर है। "वो जो तुम में है, इस संसार में है उससे बढ़कर है।" हम संसार से भला क्यों डरे?

172 यहां एक दिन उन्होंने यहाँ पर एक——एक तरह के डाअनोसोर के दांतों को पाया, ऊपर वहां, यही कहीं पर... मैं सोचता हूँ, आप सबने इसके बारे में सुना होगा; यहाँ ऊपर निगिरिया के जलप्रभात में। कहा गया, "इस का वजन छह पाउंड है।" मैंने सोचा वे कहेंगे, यह एक मनुष्य में से आया है, लेकिन मैं सोचता हूं उन्होंने इसे बदल कर कहा किसी बड़े जानवर से आया है। वह जानवर संभवत: है, एक समय धरती पर हुआ करते थे। वह अब कहां पर हैं?

क्या आप जानते हैं सर्वशक्तिमान परमेश्वर डायनोसोर को आज्ञा दे सकता था कि इस धरती के ऊपर आ जाए, अगले ही घंटे में चालीस मील बडे–बडे डायनोसोर होंगे? आप जानते हैं परमेश्वर इस संसार को मक्खियों से नष्ट कर सकता है? वह मक्खियों को बुला सकता है। वो कहां पर चली गयी, जब वह मर जाती है? मक्खियों का क्या होता है? टिड्डियो का क्या होता है? जब गर्मी का मौसम आता है, और चालीस तापमान से शुन्य में चला जाता है; और फिर अगली ठंडी का मौसम आता है, बड़ी टिड्डियां हर कहीं सारी जगह पर होती है। वह कहां से आई? वह सृष्टिकर्ता है, जिसने इसे बोलकर अस्तित्व के अंदर लाया! वो परमेश्वर है! प्रकृती उसके वचन के आज्ञा को मानती है ।

173 जहां पर हमने बहुत से भाईयो को उत्तेजित होते हुए देखा हैं, वे प्रभाव में आ जाते हैं कि परमेश्वर एक कुछ तो बात को करने के लिए कह रहा है,

और वे कहते हैं, यहोवा यो कहता है, जब कि ऐसा नहीं है। यही वह कारण है, यह बात नही घटित होती है।

लेकिन जब यह सचमुच में परमेश्वर आपसे कह रहा होता है, इसे होना ही है, इसे उसी तरह से होना ही है। समझे? जब परमेश्वर बोलता है, इसे होना होगा।

174 बढ़कर है वो जो मूसा में था, उससे जो मिस्र में था। बढ़कर था वो जो मूसा में था, उससे जो कुछ फिरौन कर सकता है, उसका सारा जो सम्मोहन था। बढ़कर था वो जो मूसा में था, उससे जो जादूगरो के अंदर था। बढ़कर था वो जो मूसा में था, उससे जो कुछ प्रकृति में है।

175 बढ़कर है! वो जो दानियल में था, जो उन शेरों से भी बढ़कर था। वह भूखे शेरों को रोक सकता था। इसलिए कोई भी जो किसी को भी रोक सकता है, वह बढ़कर है, जिसे रोका गया है। तो वो भाग कर आया, भूखा था, दानियल को खाने के लिए आता है; और बढ़कर था वो, जो दानियल में था, उससे भी जो शेरों में था।

176 अब, जब शेर को पहले बनाया गया, वह मनुष्य का एक मित्र था। यह तो वो शैतान है, जो उसे यह करने को लगाता है। यह सही बात है। और सहशताब्दी में, भेड़िया और मेमना एक साथ भोजन करेंगे और शेर बैल के जैसे घास खायेगा, वो बैल के साथ बैठेगा। वे सहशताब्दी में कुछ भी नुकसान और नष्ट नहीं करेंगे। शैतान चला जाएगा। यह तो वो शैतान है, जो पशुओं को जंगली बनाता, फाड़ता, और काटकर और खाता है, और इस तरह की बातों को करता है, जिस तरह से वे करते है। यह तो शैतान है, जो ऐसा करता है। लेकिन बढ़कर था वो जो दानियल में था, उससे जो शेरों में था। देखा? बढकर था वो जो उस नबी में था, उससे, जो उस शेर में था।

177 बढ़कर था वो जो इब्रानी बच्चों में था, बढ़कर था वह जो उनमें था, उससे जो उस अग्नि में था। क्योंकि उन्होंने उन्हें अग्नि के अंदर फेंक दिया था; और वह जो उनमें था, उनके साथ था, और उन्हें आग से जलने से बचाए रखा, जैसे वह भट्ठी पहले तपती थी उससे भी ज्यादा सात गुना और तपाई गई थी। यह सही है? बढ़कर था वो, जो इब्रानी बच्चों के साथ था, उससे जो संसार में था।

178 वहां नबूकदनेस्सर या बेलतशस्सर बैठा हुआ था, नबूकदनेस्सर, मैं सोचता हूं, वो ही था, जिसने उस आग की भट्टी को हमेशा से भी सात गुना ज्यादा अधिक किया था। जो शैतान के द्वारा प्रेरित हुआ था, ताकि उन लोगो को ले क्योंकि वे परमेश्वर के वचन के लिए खड़े थे; और उन्हें इस भट्टी के अंदर डाल दिया, जो हमेशा से भी सातगुना ज्यादा तेज की गई थी, और यह उन्हें जला भी न सकी। क्योंकि बढ़कर था वो, जो शद्रक, मेषक और अबेदनगो के अंदर था, उससे जो उस संसार में है। निश्चय ही! ओह, प्रभु!

179 बढ़कर था वह जो एलिय्या में था, उससे जो पीतल के रंग के आकाश में था। क्योंकि वो पीतल के रंग के आकाश से बारिश को ला सकता था, जो वहां साढ़े तीन वर्ष तक बारिश नहीं हुई थी।

बढ़कर था वह जो एलिय्या में था, उस मृत्यु से। क्योंकि जब उसके मरने का समय आया, परमेश्वर ने उस बूढ़े, थके हुए नबी को देखा। वो इजाबेल को ताड़ना दे रहा था और उसके चेहरे की लिपाई–पोतीई को, और आधुनिक चीजों पर और वो एक तरह से थका हुआ था, तो वह यहां तक अपने घर तक भी चलकर नहीं जा सका, जैसे उसने हनोक के साथ किया। उसने एक रथ को भेजकर उसे ऊपर उठा लिया और उसे घर पर लेकर गया। बढ़कर था वो, जो एल्लियाह में था, उससे भी जो खुद मृत्यु थी। बढ़कर था वो, जो एल्लियाह में था, उससे जो उस यरूशेलम में, यहूदिया में, और उन पहाड़ियों में था। बढ़कर था वो, जो एल्लियाह में था, उस स्वयं मृत्यु से। बढ़कर था वो, जो एल्लियाह में था, उस कब्र से; क्योंकि वो कब्र से मुक्त हो गया और वो मृत्यु से मुक्त हो गया, और वो बस घर ऊपर एक रथ में चला गया। बढ़कर था वो, जो एल्लियाह में था।

180 आप कहते है, "ओह, ठीक हैं, वह एक महान व्यक्ति था।"

181 एक मिनट रुकना! बाइबल ने कहा, "वह एक मनुष्य था जिसके पास सुख–दुख थे," आपके और मेरे जैसे। यह सही बात है। लेकिन जब उसने प्रार्थना की, उसने विश्वास किया, उसे वह मिल गया, जिसके लिए उसने प्रार्थना की है; यीशु ने हम से क्या कहा, "जब तुम प्रार्थना करो, विश्वास करो, जो तुमने मांगा है वह तुम्हें मिल गया है, वो तुम्हे मिल जाएगा।" उसने लगाकर प्रार्थना की, कि वहां पर बारिश नही होगी, और साढ़े तीन

वर्ष तक, वहां पर बारिश न हुई। देखा? बढ़कर था वो जो एल्लियाह में था, उस प्रकृती से।

182 फिर बीमारों की चंगाई के बारे में क्या है? समझे? बढ़कर है वो जो तुम में है, उस बिमारी से। देखा? क्योंकि यही रुकावट है, आपको परमेश्वर के उसी नियम से रोक रही है, जो बीमारी है। तो, "बढ़कर" है वो जो तुम में है, वो चंगाई देने वाला और सृष्टिकर्ता है, उससे—उससे जो शैतान है, जो आपके जीवन की उसी योजना को रुकावट लाता है। "बढ़कर है वो जो तुम में है, उससे जो संसार में है।" देखा?

बढ़कर था वो, जो एल्लियाह में था! बढ़कर था वो, जो यशायाह में था, उससे जो उस समय पर हो; या कोई भी वो नबी हो, क्योंकि उन्होंने समय को बीतते हुए देखा था। समझे?

183 बढ़कर है वह जो अय्यूब में था, उससे जो यहाँ तक उसकी खाल के कीड़े, और मृत्यु और कब्र में था। क्योंकि, एक दर्शन के द्वारा, उसने प्रभु के आगमन को देखा और कहा, "मेरा छुड़ाने वाला जीवित है, और अंतिम दिन पर, वह धरती पर खड़ा होगा, और यदि मेरे इस शरीर को खाल के कीड़े नष्ट भी कर दे, फिर भी मैं अपनी देह में परमेश्वर को देखूंगा।" देखा? बढ़कर है वो, जो अय्यूब में था, उससे जो मृत्यु है; क्योंकि मृत्यु ने उसे उठाने की कोशिश की और वो इसे नहीं कर सकी। ये नहीं कर सकी, क्योंकि उसने कहा, "मैं फिर से उठ खड़ा हो जाऊंगा," और वह खड़ा हो गया। उसने ऐसा किया।

184 सुनना, हमारे पास समय होता तो इस पर और आगे जाना चाहता था। लेकिन मैं प्रश्न को पूछना चाहता हूं, जो मैंने एक दिन चर्चा को सुना था, इस बारे में, "मसीही तुम में है।"

अब इस पर मत—मत रूके रहना, जो कुछ भी तुमने किया है; यह कहकर, "मैंने कुछ कंपन को महसूस किया है। मैंने—मैंने—मैंने अन्य भाषा में बोला। मैं—मैं आत्मा में नाचा।" अब, इसके विरोध में कुछ नहीं है। यह सब ठीक है, देखो, ऐसा है, लेकिन इस पर रुके मत रहना। समझे?

आपका जीवन *इस* पर होना है। [भाई ब्रन्हम अपने बाइबल को थपथपाते हैं।—सम्पा।] *यह* है वो। और *इससे* एक होना है, देखो, और फिर *यह* अपने आप में प्रमाणित होता है।

185 अब, क्या हो यदि—क्या हो यदि आज रात आप अपने पूरे हृदय से कह सकते, कि शेक्सपियर का आत्मा आप में रहता है, वह शेक्सपियर तुम में रहता है? आप जानते हैं आप क्या करेंगे? आप शेक्सपियर के कामों को करेंगे। आप करेंगे। आप करेंगे। आप कविताओं को लिखेंगे, और—और अभिनय करेंगे और इत्यादि, क्योंकि शेक्सपियर उस तरह का एक कलाकार था, एक बड़ा लेखक था, कविता का लिखने वाला। अब, यदि शेक्सपियर आप में रहता है, तो शेक्सपियर के काम आप करेंगे। क्या यह सही है?

186 क्या होगा यदि बीथोवन आपमें रहता हो तो? क्या होगा यदि बीथोवन आपमें रहता हो तो? आप जानते है आप क्या करोगे? आप बीथोवन के जैसे गीतों को लिखोगे, जो बड़ा संगीतकार है। आप बीथोवन के जैसे गीतों को लिखोगे, क्योंकि बीथोवन आपका जीवन होगा। आप एक बीथोवन बन जाते है, फिर से नये रूप में। यदि बीथोवन आपमें रहता हो तो, आप बीथोवन के कामो को करोगे, क्योंकि बीथोवन आप में रहता है। क्या यह सही है?

187 लेकिन जो तुम में है, वो मसीह है! और यदि मसीह तुम में है, तुम मसीह के कामो को करेंगे, यदि मसीह तुम में है तो। उसने ऐसा ही कहा। संत युहन्ना 14:12 में, "वो जो मुझ पर विश्वास रखता है, जो काम मैं करता हूँ, वो भी करेगा," यदि आप मसीह में थे, या मसीह आप में रहता है। तब, मसीह वो वचन है। क्या ये सही है? और वचन उसके नबियों के पास आता है। समझे? और यदि, आप, मसीह आप में रहता है, मसीह के काम आपके द्वारा किये जायेगे, मसीह का जीवन आपके द्वारा जीया जाना है। जो काम उसने किये, जो जीवन उसने जीया, वो सबकुछ, ये आप में जीयेगा; बिल्कुल शेक्सपियर और बीथोवन के जैसे, या—या जो कोई भी आपमें रहता है।

188 यदि उसका जीवन! यदि आप अब भी अपना ही जीवन जी रहे है, तब आप अपने ही कामो को करोगे। समझे? लेकिन यदि आप मसीह के जीवन को जी रहे है तो, यदि मसीह आप में है, "वो जो तुम में है, वह बड़ा है, उससे, जो संसार में है।" यदि आप संदेहजनक और निराशा है, परमेश्वर की प्रतिज्ञा के बारे में, जो आप में है, तब मसीह वहां पर नहीं है; देखो, आप केवल उत्तेजित है। लेकिन यदि वो जीवन, वो मसीह आप में रहता है,

उसका वचन, वह पहचान लेगा और उसकी प्रतिज्ञा को वो करेगा। समझे? वह जान लेगा।

189 "जब आप प्रार्थना करते हैं, विश्वास करें, आपने उसे पा लिया है, जो आपने मांगा है और यह आपको दिया जाएगा, यदि आप इस पहाड़ से कहे, 'हट जा,' और अपने मन में संदेह न करें, लेकिन विश्वास करें कि जो कुछ आपने मांगा है, वह हो जाएगा, आपके पास यह होगा, जो आपने कहा है। पिता दिखाता है, और मैं वो करता हूँ। मैं तुमसे सच–सच कहता हूं, पुत्र अपने आप में कुछ भी नहीं कर सकता है; लेकिन जो कुछ वो पिता को करते देखता है, पुत्र वैसा ही करता है।" समझे? और जब पिता उसे दिखाता है कि क्या करना है; बिना किसी बात के विफल हुए, जाकर और कहा, "ऐसा होने दो," और ऐसा हो गया था।

और वही मसीह आपमें जीता है, यह हममें जीता है। फिर उसके काम हम करेंगे, क्योंकि मसीह वो वचन है, और वचन की प्रतिज्ञा आपके लिए चंगाई को लाती है। क्या आप यह विश्वास करते हैं? [सभा कहती है "आमीन।"—सम्पा।] निश्चय ही!

190 उसने कहा, "मैं तुम्हे अनाथ न छोडूंगा।" जैसे मैंने प्रार्थना की, कुछ समय पहले मैंने मांगा, वहां मती 24 में, देखो, या मती, 28:20 में, देखा? उसने कहा, "मैं तुम्हारे पास आऊंगा। मैं," वो व्यक्ति, मसीह, पवित्र आत्मा के रूप में, "आकर और तुम में रहूंगा। फिर तुम, तुम अपने आप—अपने आप के और नही रहोगे। मैं तुममें रहूंगा। और वो बड़ा है जो तुम में है, उससे जो संसार में है।" समझे? इब्रानीयो 13:8 कहता है, "वो कल, आज और यूगानुयुग एक सा है।"

191 वो जो नुह में था, वो बढ़कर था, उससे जो जल का न्याय था।

और वो जो तुम में है उस अग्नि के न्याय से बढ़कर है। समझे? वो जो तुम में है बढ़कर है, क्योंकि उसने न्याय के दाम को चुकाया और आपके लिए न्याय पर जय पाई। देखा? इसके बारे में कोई भी डर नहीं है। देखो, आप वहां उसमें है। जी हाँ।

वो जो नुह में था, वो बढ़कर है, उससे जो जल का न्याय था, जिसने संसार को नाश किया, जिहोने विश्वास नही किया। क्योंकि, नुह ने विश्वास किया। और बढ़कर था वो, जो उसमें था, जिसने उस पर विश्वास किया, जिसने उससे बातें की, उससे जो संसार में था। कि, नुह सारे न्याय से बच

निकला, क्योंकि परमेश्वर का वचन उससे भी बढ़कर है, और उसने उसे सारे न्याय के ऊपर उठा लिया।

“बढ़कर है!” हम कितना कुछ और समय के लिए इस पर बोल सकते हैं! समझे?

192 बढ़कर है वो जो दाऊद में था, उस भालू से जिसने उसकी भेड़ों को चुरा लिया। बढ़कर है वो, जो दाऊद में था, उस शेर से जिसने आकर और उसकी एक भेड़ को ले लिया। बढ़कर है वो, जो दाऊद में था, उस शत्रु से, जो गोलयात था। वह बड़ा पलिश्तिनी जो वहां पर खडा था, कुछ बारह, चौदह फुट लंबा, उसके हाथों में चौदह इंच की उंगलियां थी; नुकीले भाले को लिए हुए और दो से तीन इंच की मोटी स्टील या पीतल की धातु के साथ ढका हुआ। लेकिन दाऊद के अंदर जो था, वो बड़ा था, उससे, जो गोलियत में था।

उसकी भुजायें शक्तिशाली थे। वह एक योद्धा था। कहा, वो दाऊद को अपने भाले की नोक से उठाकर और उसे लटका सकता है, और उसे उन चिड़िया को खिला देगा।

193 और दाऊद ने कहा, “तुम मेरे पास एक फलिश्तिनी की नाई आये हो, एक फलिश्तिनी के नाम से। तुम मुझे फलिश्तिनी ईश्वर के नाम में श्राप देते हो।” और कहा, “तुम अपनी बड़ाई मारते हो, जो तुम करने जा रहे हो, और तुम मेरे पास हथियार और भाले के साथ आये हो। लेकिन मैं तुम्हारे पास प्रभु परमेश्वर के नाम से आया हूं और आज मैं तुम्हारे सर को तुम्हारे कंधों से हटा दूंगा।” और उसने इसे किया, क्योंकि बढ़कर था वो, जो दाऊद को हिम्मत देने के लिए प्रेरित कर रहा था।

194 बढ़कर है वो, जो तुम में है, उससे, जो व्हीलचेयर है। बढ़कर है वो जो तुम में है, वो जो स्ट्रेचर है। बढ़कर है वह जो तुम में है, उससे, जो कैंसर है। बढ़कर है वो जो तुम में है, उन पीडाओ से। बढ़कर है वो, जो तुम में है, उस किसी भी चीज से, जो शैतान आपके ऊपर डाल सकता है। “बढ़कर है वो जो तुम में है, उससे जो संसार में है।” बढकर है वो! जी हाँ!

दाऊद बढकर था, दाऊद में क्या था; दाऊद में परमेश्वर था।

195 वो हम में है, यही, वो मसीह है। उसने हमारे लिए हर एक शत्रु पर जय पाई। जब वो धरती पर था, उसने पाप पर जय पाई, उसने बीमारी पर जय पाई, उसने मृत्यु पर जय पाई, उसने अधोलोक पर जय पाई, और उसने

कब्र पर जय पाई, अब वो हम में जयवंत की नाई रहता है! उसने बीमारी, अधोलोक, मृत्यु, कब्र पर जय पाई और हमारे लिए आता है ताकि हमें उन सारी चीजो से आजाद करे। और वह बड़ा है, जो तुम में है, उससे, जो आपके ऊपर इन सारे धोखे की बातों को, आप पर डाल सकता है। “बढकर है वो जो तुम में है, उससे, जो संसार में है।”

196 और इसी प्रकार से ये अद्भुत कार्य होते है। इसी तरह से उस दिन वो हवाये थम गयी। क्या ये मनुष्य जाति कर सकती है? नही, श्रीमान, यह असंभव है। जब मैं खड़ा होकर, पुकार रहा था, और वे हवाये तेज हो रही थी, और...

कितने लोग यहाँ पर है, जो वहां पर थे? आइये देखे अपने हाथों को उठाये। अपने हाथों को ऊपर उठाये, हर एक जन वहां ऊपर थे, तब उस समय कोलोराडो पर—पर। तो ठीक है। भाई फ्रेड ही, मैं सोचता हूं वहां पर एक ही है, जो तब उपस्थित थे। मैंने सोचा, भाई मैन यहाँ पर होंगे, लेकिन वो... भाई, भाई इवांश क्या वो नहीं है? उस समय पर भाई इवांश वहां ऊपर थे। जी, हां। तो ठीक है। और, जी हां।

197 ध्यान दे। क्या यह सच्चाई नहीं है? क्या इस तरह से यह घटित नहीं हुआ है? बारिश तभी रुक गई थी और हवाये बहना बंद हो गई थी। यह क्या था? मेरे शब्द पर? नही! क्योंकि उसने मुझे इसे करने के लिए कहा था। और बढ़कर है वो, उससे जो भी कुछ प्रकृति में है। क्या ये वही परमेश्वर नही है, जो लहरों को समुद्र पर शांत कर सकता है, उन हवाओ को वापस अपने स्थान में भेज सकता है? क्या वही वो एक है, जो सूर्य को अंधकारमय कर सकता है, सूर्य को वापस चमका सकता है? तो, “बढ़कर है वो जो तुम में है, उससे जो संसार में है।” देखा? तो ठीक है।

198 अब, इसलिए ये चिन्ह–चमत्कार हो सकते है, क्योंकि यह परमेश्वर की एक प्रतिज्ञा है, “जो काम मैं करता हूं, तुम भी करोगे।” संत युहन्ना 14:12। वो, मसीह, जिसने हवाओ और लहरों को शांत किया, वह उनका सृष्टिकर्ता है। वह अब भी उतना ही सृष्टिकर्ता है, जैसे वह तब था। वो कल, आज और युगानुयुग एक सा है।

उसने बीमारों को चंगा किया और पाप को नाश किया, और इसे आप सबके लिए बदल दिया, और आपके लिए आता है, जिससे कि वो आपके साथ रह सके। उसने इन सब पर विजय पाई ताकि आकर और हमारे

अंदर रहे। वो वही जयवंत है, जो इन चीजों पर पहले से ही जय पा चुका है; इसे वचनों में साबित किया है, वापस आकर, हर एक चीज पर जय पाता है, और आपके लिए साबित करता है कि वो वही परमेश्वर है। और उन्नीस सौ वर्षो के बाद, यहां पर वह हमारे बीच में उन्हीं कामों को कर रहा है, जो उसने तब किए, जिसने मृत्यु अधोलोक, बीमारी और कब्र पर जय पाई!

199 यह मसीह, ये, (he) “वो,” वो वही वो है जो आप में है। वो मसीह है। जैसे युहन्ना ने कहा, “वो जो तुम में है उससे बढ़कर है, जो संसार में है।” वो मसीह था! वो बढ़कर है उससे जो सारे संसार में है, क्योंकि उसने संसार पर जय पाई, और वो बढ़कर है उन सारी चीजों से क्योंकि उसने इसे हमारे लिए जय पाई। “और हम जयवंत से भी बढ़कर है, उसमें से होते हुए, जिसने हम से प्रेम किया और अपने आप को हमारे लिए दे दिया,” जिससे वो वह वापस आकर और उसके कामों को, हममें से होकर कर सकता है ताकि हमारे लिए साबित करें कि, वो कल, आज और युगानुयुग एक सा है।

जब वह धरती पर था, उस ने साबित किया, जब वो उन लोगों के बीच में खड़ा था, वह मसीहा था। वह उनके हृदय के विचारो को जानता था। और बाइबिल में कहा, कि मूसा ने कहा, कि “वो एक नबी होगा।” क्या यह सही है? वह ह्रदय की गुप्त बातों को जान लेता था। वह जानता था, कौन से लोग कहां पर थे। वह जानता है, उनके साथ क्या गलत हुआ है। क्या हमने ऐसा होते हुए देखा है? [सभा कहती है “आमीन।”—सम्पा।] समय दर समय!

200 हम जानते हैं कि मरे हुओ को जिलाया गया हैं, ठीक मुर्दों में से। उनमें से तो कुछ डेढ़ दिन तक मरे हुए थे। वो, एक सुबह को मर गया और वे उसे यहाँ उस रात को लाने लगे और सारी रात की यात्रा करके; और अगले दिन लगभग दोपहर को, या दोपहर होने पर, उसे जहां पर वो तंबू था, उसमें लेकर आये। एक छोटा मरा हुआ बालक, ठंड में, और मां की बाहों में पड़ा हुआ था। और प्रभु परमेश्वर ने जीवन को वापस लाया, जीवन के शब्द को कहा और बालक गर्म हो गया और रोना आरंभ किया; इसे वापस मां के बाहों में दे दिया।

201 श्रीमती स्टेडलेव वहां खडे होकर इसे होते हुए देख रही थी, इसी कारण से वह उसके बालक के लिए बहुत रो रही थी, वो चाहती थी मैं उसके बच्चे के लिए विमान के द्वारा जर्मनी में जाऊं। लेकिन प्रभु ने कहा, "इसमें मेरा हाथ है; तुम उसे फटकार नहीं देना।" देखो, आप अच्छी तरह से जानते हैं।

जब उसने मूसा से कहा, "चट्टान से बोलो," इसे मारना नही है। इसका मतलब था, "बोलो," प्रहार मत करो, समझे। आप को उसकी आज्ञा में रहना है, जो वह करने के लिए कहता है। "लेकिन कोई भी मनुष्य अपने आप में कुछ नहीं कर सकता है," उसे पहले परमेश्वर से इसे सुनना अवश्य है।

202 अब परमेश्वर का वचन प्रतिज्ञा की है कि वह जीवित है। और क्योंकि वह जीवित है, तुम जीवित हो। उसने यह प्रतिज्ञा की है कि, "वो काम जो मैं करता हूं, तुम भी करोगे, वही काम, केवल इस से ज्यादा तुम करोगे, क्योंकि मैं पिता के पास जाता हूं।" उसने सारी चीजों पर जय पाई। वही वो एक है, जिसने रोका...

वही वह एक है, जिसने उन गिलहरियों को बनाया। यह दो बार घटित हुआ था। एक बार चार्ली, जो आपके स्थान पर घटित हुआ। और यह—यह घटित हुआ था, जब भाई लोग, भाई फ्रेड, भाई बैंक्स और वे वहां ऊपर हमारे साथ थे।

203 यह जर्मनी में घटित हुआ, जब वे पंद्रह ओझा लोग, उनमें से एक जन मेरे पास चारो ओर थे, कहा... क्योंकि बिली और भाई आर्गनब्राइट, मुझे वे—वे न देखने पाए, उन्होंने कहा, "तो ठीक है, हम कुछ ऐसा करेंगे, जिससे यह तम्बू उड़ जाये।" और वे वहां नीचे बैठ गए, उनके सम्मोहन के सामानों के साथ और अपने देवता को बुलाने लगे, शैतान को, और यहाँ पर वो एक तूफान के साथ आता है। लगभग तीस हज़ार, चालीस हज़ार जर्मन के लोग वहां तम्बू में थे और वह तंबू ऊपर और नीचे *इस* तरह से उठने लगा था।

उन्होंने और फिर उन्होंने केंची से काटना शुरू किया, और एक पंख को काटा और पीछे से *इस* तरह से उसे नुकीला बनाया। और वह कहते जा रहे थे, वह अपने सारे सम्मोहन के सामानों को लिए हुए और साथ ही

तीन पवित्र शब्द को वे कह रहे थे, “पिता, पुत्र, पवित्र आत्मा, लू–लू–लू–लू–लू लू! पिता, पुत्र, पवित्र आत्मा, लू–लू–लू!”

204 इस तरह से करते जा रहे थे, और असल में वो तूफान आने लगा था। निश्चय। “वह वायु के शक्तियों का राजकुमार है,” शैतान। और उन्होंने तूफान को बुलाया। और, अब भी वो बड़ा विशाल तंबू इस तरह से फैला हुआ था, ओह, प्रभु, इसने लगभग एक शहर को घेर लिया था; और इसे बनाया गया था, यह दो बाय चार गज का बना हुआ था और इसके ऊपर तालपत्री ढकी हुई थी। वह हवा वहां अंदर जा रही थी और इस तम्बू को *इस* तरह से ऊपर उठा रही थी। और वो हवाये और बिजली इस प्रकार लहराने लगी थी, मै बस लगातार प्रचार करने लगा।

205 और, ओह, वे केवल एक बड़े सम्मोहन के कामों को करते जा रहे थे, वे इस तरह से, करते जा रहे थे, करते जा रहे थे, वे उन कुछ पवित्र शब्दों को बोल रहे थे, और उन्होंने कहा, “वो बड़े पवित्र शब्द है: पिता, पुत्र और पवित्र आत्मा,” दोनों तरफ से, इस तरह। फिर मैंने उन्हें झुकते देखा वहां चारों ओर शैतानों से घिरे हुए, लेकिन बंधे हुए नहीं थे।

206 और मैंने भाई लोस्टर से कहा, “इसका अनुवाद मत करना।”

207 मैंने कहा, “भाई आर्गनब्राइट, केवल प्रार्थना करें।”

208 मैंने कहा, “प्रभु परमेश्वर, धरती और आकाश के सृष्टिकर्ता, आपने मुझे यहां पर भेजा है। मैंने यीशु मसीह के नाम से इस जर्मन की मिट्टी पर पैरों को रखा है, क्योंकि आपने मुझे यहां पर भेजा है। उस बादल की मुझ पर कोई शक्ति नहीं चलेगी। यह नहीं हो सकता है, क्योंकि मुझे अभिषेकीत करके और इन लोगों के उद्धार के लिए यहां भेजा गया है।”

“मैं तुम्हें यीशु मसीह के नाम से आज्ञा देता हूं, यहां से चला जा।”

209 और भी गर्जन होने लगी, “बेंग! बेंग! बेंग!” चली गयी, “गर्ररर्रर्रर्रर्रर्र” दूर निकल गई और ठीक तंबू के ऊपर से जाती हुई, वापस उड़ गई; और सूरज चमकने लगा।

210 दस मिनट के अंदर ही, वहां लगभग दस हज़ार लोग वेदी के चारो ओर थे और इत्यादि, दया के लिए चिल्ला रहे थे, परमेश्वर के सामर्थ को देखने के लिए। क्यों? “बढ़कर है वो, जो तुम में है, उससे जो संसार में है।” समझे?

211 “बढ़कर है वो जो तुम में है, उससे जो संसार में है।” उन बातों में पीडाओ को देखते है, ओह, भाई, बहन हमें चिंता की कोई जरुरत ही नही है। सबसे बढकर परमेश्वर है, और वो तुम में है। क्या आप इसे विश्वास करते हैं? [सभा “आमीन” कहती है।—सम्पा।]

212 अब मैंने ज्यादा समय को ले लिया है। ये नौ बजने में लगभग पंद्रह मिनट है। और मैं जानता हूं इन लोगो को बहुत दूर गाड़ी चला कर जाना हैं।

आइए हमारे सिरो को कुछ क्षण के लिए झुकाये।

213 ओ पिता परमेश्वर, आप कोलोराडो के बारे में जानते हैं। आप जानते हैं वे बाते सच्ची है। और मैं इसे आपकी महिमा के लिए कहता हूँ, जिससे की यह लोग जान सके। सारे वैज्ञानिक के साबित करने के बाद, जो तस्वीरें ली गई, और वे पवित्र आत्मा के कार्य थे। और प्रभु, आप जानते हैं कि वो... मैंने लोगों को साफ–साफ रीति से बताया है, और हमेशा ही इसे करता हूं, ये इसलिए है, क्योंकि आपने इसकी प्रतिज्ञा की है। और आप यहां पर हैं, किसी को तो पाने की कोशिश कर रहे हैं, जिसमें से होकर आप अपने आप को साबित कर सकते हैं, ताकि दूसरे लोग देख सकें कि आप जीवित हैं, और आप कल, आज और युगानुयुग एक सा है। मैं आपसे प्रार्थना करता हूं, प्रभु, आप दया करें और हमें अगुवाई करे और हमारे विचारों में हमें निर्देशित करे।

214 वहां पर वे लोग बैठे हुए हैं, जो बीमार और पीड़ित हैं। वहां पर वे लोग है, हो सकता है यदि उन्हें आपसे सहायता नहीं मिलती है तो, वे मर जायेगे। उनमें से बहुत से, हो सकता है, मार्ग के अंत पर हो, जहां वे डॉक्टर उनकी कोई सहायता नहीं कर सकते है। आप वो परमेश्वर है, और आप कल, आज और युगानुयुग एक सा है। और आपकी उपस्थिति यहां पर है।

215 और प्रभु, हम नहीं जानते यह तीसरा खिंचाव क्या है, जैसे हमने इसे बताया है, यह होगा। मैं नहीं जानता क्या है। लेकिन हम एक बात को जानते हैं, पहला खिचाव सिद्धता था। दूसरा खिंचाव पांच होना था, जो अनुग्रह था।

और परमेश्वर, मैं आज रात प्रार्थना करता हूं कि आप अपने आपको हम पर प्रकट करेंगे, इन बातों के कहने के बाद, “वो जो तुम में हैं!” और

अपने कहा, "जो काम मैं करता हूं, तुम भी करोगे," और कहा आप कुछ नहीं करते, जब तक पिता आपको नहीं दिखाता है।

216 और हमने देखा है, जो आपने किया, जब आप प्रेरित पतरस को बताने में सक्षम थे, कि वो कौन था, उसका पिता का नाम क्या था। नाथानियल को बताया, उसका लक्ष्य क्या था, वो वहां पर किस तरह से आया होगा, इसके पहले वो कहाँ पर था, उसने क्या किया था। कुंए पर स्त्री को उसके पापो को बताया और वो क्या थी, इन छह पुरुषों के साथ व्यभिचार में रह रही थी; उसके पहले से पांच पति थे, और वो जिसके साथ अब रह रही थी, वो उसका पति नहीं था। आप अब भी वही परमेश्वर हैं। आपने बताया...

217 यह बारतुमुस के अंधेपन की परिस्थिति थी, जब वह वहां पर खड़ा हुआ था; लेकिन फिर भी, उसके हृदय में उसके पास एक दृष्टि थी, कि वह देख पायेगा; यदि वो यहोवा यीशु मसीह के पुत्रत्व में प्रकट हुआ है, कि वो उसकी पुकार को सुनने में सक्षम हो सकता था। और वह चिल्ला उठा, "हे दाऊद के पुत्र, मुझ पर दया करो!" और इसने आपको रोक दिया, और आपने मुड़कर और उसे चंगा किया, और ओ पिता, आप उससे कह रहे थे, कि उसके विश्वास ने उसे बचा लिया है।

218 वह छोटी रक्तहीनता स्त्री, जो इस लहू बहने की बीमारी से गुजर रही थी, और जीवन का बदलाव और बहुत वर्षों से यह नहीं रुक सका था। उसने अपना सारा पैसा डॉक्टरो पर खर्च कर दिया था और उन में से कोई भी उसकी सहायता नहीं कर पाया। वो स्त्री एक दिन आपकी सभा में से होकर आई, जब आप एक मनुष्य से वहां गलीली पर—पर बातें कर रहे थे, जब आप याईर के घर की ओर अपने रास्ते पर थे। इस छोटी सी स्त्री ने अपने हृदय में कहा, इस बात के पीछे कोई वचन न था, "यदि मैं केवल उसके वस्त्रों को छू लूं, मैं—मैं विश्वास करती हूं, मैं चंगी हो जाऊंगी।" और उसके पास अपनी इच्छा थी जब उसने आपके वस्त्रों को छूआ। और आपने उसे कहा तुम्हारे विश्वास ने इसे किया है, उसकी चाहत को बताया, और वह चंगी हो गई थी।

219 हमें वचन में बताया गया कि आप एक महायाजक है, जो ऊंचाई पर बैठे हुए हैं, हमेशा ही बिचवाई करने के लिए रहते है। और—और यह भी कि आप इस समय महायाजक होने के नाते, जिसे हम अपनी दुर्बलता अनुभव

करने के द्वारा छू सकते है। प्रभु परमेश्वर, इसे प्रदान करें कि हर एक व्यक्ति जो आज रात यहां पर है होने पाए... उन्हें आज रात आप को छूने का सौभाग्य हो, उस महायाजक को, और वे चंगे हो जाए। क्योंकि परमेश्वर की महिमा के लिए मैं इसे यीशु के नाम से मांगता हूं। आमीन।

220 अब मैं नहीं... क्या प्रार्थना के कार्ड है? मैंने—मैंने बिली को बताया था... क्या हर एक को भी प्रार्थना का कार्ड मिला है? तो ठीक है, यह ठीक है, मैंने उसे बताया था इसे बाहर मत देना। मैंने सोचा, मैं थोड़ा ज्यादा समय को लूँगा, जैसे मैं... ओह, मैं बहुत ज्यादा बात करता हूं। लेकिन, देखो, और आपने बताया, जब मैंने कहा, "मैं साढ़े आठ तक निकलने की कोशिश करूंगा," आप लोग हंस पड़े, और मैं जानता था कि आप जानते हैं कि आप किस बारे में बात कर रहे थे। मैं—मैं... लेकिन मैं—मैं आपसे प्रेम करता हूं। देखा?

221 क्या, मैं क्या करने की कोशिश कर रहा हूं, मैंने हमेशा ही इसे करने की कोशिश की है, मित्रों; ना ही कभी किसी के कहने से, "भाई ब्रन्हम ने ऐसा किया।" भाई ब्रन्हम कुछ भी नहीं कर सकते हैं। समझे? यह तो यीशु मसीह है। वो जो मुझ में है, तुम में है। आपको केवल इसे विश्वास करना है। क्या यह सही नहीं है? देखा? वह जो तुम में है वो उन बिमारियों से बढकर है।

222 अब कितने लोग यहां पर उनके शरीर में बीमार हैं, मुझे नही पता है, लेकिन आप विश्वास करते है कि आपके पास इतना विश्वास है कि आप महायाजक को छू सकते हैं, अपने हाथ उठाकर कहे, "मैं इसे विश्वास करता हूं?" अच्छी बात है। ओह, यह तो पूरी तरह से हर कही हाथ दिखाई दे रहे हैं। तो ठीक है। कितने लोग यहां पर ऐसे हैं जो मुझे जानते हैं, और वे जानते हैं कि मैं उनके बारे में कुछ नहीं जानता कि आप की क्या आवश्यकता है, और आप चाहते हैं कि परमेश्वर आपको छू ले? अपने हाथों को उठाये। देखा? समझे? तो ठीक है।

223 खुले रुप से, यहां पर कोई भी नहीं है, जिनके बीमारी के बारे में, मैं कुछ भी जानता हूँ, ठीक अभी वर्तमान समय पर। लेकिन यह जो लड़का यहाँ बैठा है, मैं उसे जानता हूं। मैंने उसके लिए बहुत सी बार प्रार्थना की है। मैं उसके नाम को नहीं सोच पा रहा हूँ, लेकिन वो नीचे केन्टकी से हैं। वो मुझे हर समय लिखता रहता है, जो भाई और बहन वुड और उनका खास

मित्र है, और वहां पर आता रहता है। और वह लंबे समय से सभा में आता रहता है। वही केवल वो व्यक्ति है, जिसे मैं जानता हूं।

224 अब भाई, डॉच, जहां तक मैं जानता हूं, वो ठीक है या नही तो वो यहां पर नहीं बैठा होता था। वो एक दिन बहुत ही बीमार था, और प्रभु ने उसे चंगाई दी थी।

225 मैं इस व्यक्ति को नहीं जानता हूं। और मैं नहीं जानता यहाँ पर यह बैसखियां किसकी है; हो सकता है, उस व्यक्ति की जो वहां कुर्सी पर बैठा हुआ है। मैं—मैं नहीं जानता।

और मैं—मैं बहुतो को जानता हूं। लेकिन परमेश्वर जो स्वर्ग में है, वो जानता है, इस समय पर मैं नहीं जानता कि आप क्या चाहते है। मुझे कुछ भी पता नही है। यह यहां इस भवन में कठिन बात है, क्योंकि, देखो, मैं बहुत से लोगों को जानता हूँ।

226 अब यहां पर ये ऐसा है। जब आप एक स्थान पर आते हैं... अब मैं यहां कभी-कभी आता हूँ, कहता हूं, "तो ठीक है, हम हर एक को प्रार्थना का कार्ड देंगे, और उन्हें कतार में खड़ा करेंगे। ऊपर यहां मंच पर आयेंगे।" कोई तो चला जाता है... अब आप...

अब मित्रों, मैं अपने हृदय को खोलकर और आपको कुछ तो बताऊँगा। आप इसे नहीं छुपा सकते हैं। आप जो भी बस सोचते हैं, मैं इसे जानता हूं। यह सही बात है। मैं जानता हूं कि आप क्या सोच रहे हैं। समझे? और कभी-कभी आप कहते हैं, "भाई, मैं विश्वास करता हूं।" क्योंकि, इसलिए कि, आप एक सीमा तक विश्वास करते हैं। समझे? समझे? मैं जानता हूं।

227 और ठीक यहां पर, जब मैं, बिल्कुल ठीक अभी, वो अभिषेक मुझ पर अब आ रहा है, आप देखना। और मैं बस उस नाडी कंपन को महसूस कर सकता हूं, एक धड़कन के जैसे, देखो, विभिन्न स्थानों पर से धड़कन को। देखा?

लेकिन अब और—और अविश्वास नही करना। सारे संदेश में विश्वास करना। इसे विश्वास करना। यदि क्या यह नहीं है, यदि यह बाइबल में लिखा हुआ नहीं है तो, तब आप इसे विश्वास मत करना। लेकिन, यदि यह बाइबल में है, तब वह पवित्र आत्मा है, जो हम में रहता है वह कर्तव्य से बाध्य है

ताकि उस कार्य को करे, यदि हम विश्वास करते हैं तो। क्या यह सही है? [सभा कहती है “आमीन।”—सम्पा।]

मैं जानता हूं, यह कठिन है, देखो, कुछ भी आसानी से नहीं आता है।

228 यह उसके लिए मरना कठिन था, जिससे कि यह आपके लिए प्रस्तुत किया जा सके। यह उसके लिए कलवरी पर जाना कठिन था; वह बने रहना चाहता था, इतना तक कि वह चिल्ला उठा, “मेरी नही, लेकिन तेरी इच्छा पूरी हो।” समझे? देखा? वह जाना नहीं चाहता था। वह एक जवान पुरुष था, और पास उसके भाई लोग थे। उसने उन्हें प्रेम किया, जैसे मैं आपसे प्रेम करता हूं। लेकिन वह—वह नहीं जी सकता था, और उन्हें भी जीना है, इसलिए वह मर गया जिससे कि हम जी सके। यह आसान नहीं था। उसे इसे करना था। देखो, कैसी एक मृत्यु उसके आगे रखी थी, “पिता, वह घड़ी आ चुकी है, और क्या मैं प्रार्थना करूं कि इस प्याले मुझसे दूर कर? नही।” उसने ऐसे नहीं करना चाहा; वह चाहता था कि परमेश्वर की इच्छा पूरी हो।

229 अब, देखो, यदि आप उसी बात पर विश्वास करोगे तो! अब, नही—नहीं—नही इस पर छाया मत करना। इसे केवल विश्वास करें। केवल पूरी तरह से इसे विश्वास करे। संदेह न करें। आप इसे विश्वास करें।

230 यदि मैं लोगों को ऊपर एक प्रार्थना की कतार में लाता हूं, और मैं कहता हूं, “तो ठीक है, अब ये व्यक्ति, आप जानते हैं, कि मैं आपको नहीं जानता।”

231 “नही, यह सही बात है, भाई ब्रन्हम।”

232 फिर ठीक वहां पर आप किसी को तो कहते हुए देखेंगे, “ना–ना, लेकिन वो उसे पढ़ रहा है, जो आपने प्रार्थना के कार्ड में लिखा है! मनो को पढ़ने वाला!” ये बस सचमुच में इसे करेंगे।

233 फिर मैं कहूंगा, “तो ठीक है, अब इस रविवार को हम प्रार्थना का कोई भी कार्ड नहीं देंगे। मैं चाहता हूं हर एक जन यहां पर हो, आप जो एक अजनबी है, इससे पहले कभी भी यहां पर नहीं आया है, आप खड़े हो जाये।” देखा? और—और फिर पवित्र आत्मा वापस मुड़कर और परखता है, कि उनके अंदर क्या है। देखा? क्या यह सही है? [सभा कहती है, “आमीन।”—सम्पा।] आपने इसे दोनों तरफ से देखा है।

234 "ओह, तो, उसके साथ कुछ तो गलत है।" देखा? समझे? वहां, कोई तरीका नही है, आप—आप—आप, नहीं... देखो, जब तक शैतान कब्ज़ा किये हुए होता है, वो केवल आपको कुछ भी विश्वास करने को लगाएगा।

और वह आपको हर एक गलती को दिखाएगा, जो मैं करता हूँ, और मेरे पास बहुत सी गलतियाँ है, वह आपको दिखा सकता है। आप उसकी ओर मत देखना! आप उसकी ओर मत देखना। मैं एक मनुष्य हूँ। समझे? लेकिन, याद रखना, परमेश्वर का ये वचन सच्चा है, और मैं इसके द्वारा जीने की कोशिश करता हूं।

235 यदि मैं यहां से बाहर जाकर और गलत बातों को करना आरंभ करता हूँ, जो सही नहीं है, पाप करना, और शराब पीना और या सिगरेट पीना या—या उन चीजों को करना जो सही नहीं है, अब आप—आप आकर मुझे वहां बुलाते हैं, कारण इससे—इससे कुछ नहीं होगा। मैं—मैं फिर संसार को छोड़ना चाहता हूं। मैं नही... यह होने से पहले मैं छोड़कर जाना चाहता हूं। समझे? मैं ऐसा नहीं करना चाहता हूं।

236 लेकिन जब तक मैं वैसा जीने की कोशिश करता हूं जो सही है और वो करता हूं, जो सही है, देखो, और एक मसीह के जैसे जीने की कोशिश करता चाहता हूँ, और तब परमेश्वर उसके वचन को लेता है और इस पर बने रहने के द्वारा मेरी सुनेगा। भले ही इससे मुझे मेरे मित्रों और संसार की प्रसिद्ध की कीमत चुकानी पड़े, और इस तरह की बातें होनी है, बहुत से लोगों के द्वारा नफरत और संस्थाओं के द्वारा निकाला जाना, फिर भी मैं इस वचन के प्रति सच्चा बना रहना चाहता हूं। यह परमेश्वर का वचन है, और मैं परमेश्वर से प्रेम करता हूं। सो यही परमेश्वर का वचन है, और जिसे मैं—मैं आपको बताता हूं और, "वो कल, आज और युगानुयुग एक सा है," और वो अब हम में हैं। और यदि...

237 अब, यदि शेक्सपियर का जीवन मुझ में था, मुझ में रहता है, यदि शेक्सपियर मुझ में रहता, क्या मैं शेक्सपियर के कामों को नहीं करुंगा? यदि बीथोवन मुझ में है, क्या मैं बीथोवन के कामो को नहीं करुंगा? यदि दिल्लिंगेर का आत्मा मुझ में था, यदि दिल्लिंगेर मुझ में रहता है, क्या मैं एक जॉन दिल्लिंगेर नहीं बनूंगा? यदि बीथोवन मुझ में था, क्या मैं एक बीथोवन बनूंगा? देखा? यदि कास्त्रो मुझ में था, मैं एक कास्त्रो बनूंगा? देखा?

और यदि यीशु मसीह मुझ में है, उसके कामों को मैं करुंगा, क्योंकि यह वही है। और क्या उसने नहीं कहा कि वही बाते जगह लेगी? समझे? [सभा कहती है, “आमीन।”—सम्पा।]

238 अब वो क्या करता, यदि वो यहाँ पर खड़ा होता, यदि वो कल, आज और युगानुयुग एक सा है? उसने कहा, “मैं केवल वही कर सकता हूं, जो पिता मुझे करने के लिए दिखाता है।” क्या यह सही है? तो, इसी तरह से उसने इसे कल किया था।

अब क्या वो एक सा है? बीमारी के बारे में क्या है? आपका दाम पहले से ही चुकाया गया है। आप में से हर एक जन अपनी बीमारी से पहले से ही चंगाई पा चुके है। क्या यह सही है? [सभा “आमीन” कहती है।—सम्पा।] क्योंकि इस... आप में से हर एक जन को क्षमा किया गया है, लेकिन आपको इसे स्वीकार करना है। आपमें से हर एक जन चंगा हुआ है, लेकिन आपको इसे स्वीकार करना है।

239 अब, इसे साबित करना कि वो कल, आज और युगानुयुग एक सा है। यदि, वो यहां पर खड़ा होता था, वो आपको आपके अविश्वास के साथ चंगा कर ही नही सकता। और आपको इसे विश्वास करना होता, बिल्कुल उसी तरह से जैसे आपको ठीक अभी यहां विश्वास करना है। इसे उसी तरह से होना होगा, देखो, “क्योंकि उसके दिनो में वो बहुत से बड़े–बड़े कार्य को नही कर सका, क्योंकि उनके पास अविश्वास था।” यह सही है? बहुत से बड़े–बड़े कार्य वो आज नही कर सकता है, अविश्वास के कारण।

240 अब, यह कौन था जो पहले से ही *यह* बता सका? परमेश्वर। वह कौन था जिसने *इसे* कहा? परमेश्वर। ये कौन था जिसने *इसे* किया? परमेश्वर। वह कौन है जिसने कहा, वो भालू, हिरन, हेनडियर, और ये सारी दूसरी बातें, और वो सात... ये सारी—सारी बातें जो घटित हुई थी? यह कौन था जिसने इसे कहा? उसने, मसीह ने, यही हम में है, हम में से होकर खुद भविष्यवाणी कर रहा है, अपने आप को प्रकट कर रहा है कि वो कल, आज और युगानुयुग एक सा है।

किसने हवाओ को रोका? किसने गिलहरियों सृष्टी की? वही वो एक है, जिसने अब्राहम के लिए एक मेंढे की सृष्टि की, जब उसने... उसे “यहोवा–यीरे बुलाया।” वे छुटकारे के मिश्रीत नाम, अभी भी उसके लिए लगाते हैं।

वह अब भी यहोवा–यीरे है, "प्रभु अपने खुद के लिए एक बलिदान को प्रयोजन कर सकता है।"

241 अब, आप में से हर एक जन, मैं—मैं अब आपकी गंभीरता से सच्चाई को चाहता हूं। अब यदि आप असल में, अपने पूरे हृदय से विश्वास करेंगे, हमारे बीच में और अगले पांच मिनट के बाद एक भी कमजोर व्यक्ति नहीं रहेगा। यहां एक भी व्यक्ति ऐसा नहीं होगा, लेकिन उनके पैरो चंगे होकर खड़े हों जायेंगे, यदि आप इसे विश्वास करेंगे तो। क्या आप विश्वास कर सकते हैं?

242 अब, आइए केवल देखें यदि वह हमारे लिए आकर और अपने आप को प्रकट करें, जब हम अपने सिरों को झुकाते हैं।

243 प्रभु यीशु, अब आप मेरी सहायता करना। और मैं आपकी आज्ञा में रहूंगा, प्रभु, जो कुछ भी जानता हूं, किस तरह। मेरे पापो और अपराधों की क्षमा करना। मैं यीशु के नाम में प्रार्थना करता हूं। आमीन।

244 अब आइए, इस एक तरफ हो जायेंगे, कुछ लोग यहां पर आ जायेंगे। विश्वास करना, भरोसा रखना, संदेह मत करना! जो कोई मुझे नहीं जानता है, यदि हो सकता है। मैं नहीं कह सकता हूं कि दर्शन कहां पर जाता है। मुझे तो केवल इसके लिए देखना होगा। और यदि यह इसे करता है, तो आप फिर इसे जान जाते हैं कि यह सही है या नही। आप केवल विश्वास करें और संदेह न करें। यदि वो इसे करेगा, क्या आप विश्वास करेंगे, देखो, इस सब के बाद जो आज किया गया है? समझे? केवल अपनी चंगाई को स्वीकार करे, देखो। कहते हुए, "प्रभु, मैं अब यीशु मसीह को छू रहा हूं। मैं विश्वास कर रहा हूं।" अब, होने पाए स्वर्ग का परमेश्वर इसे प्रदान करें।

245 "बढ़कर है वो जो तुम में है, वो मसीह, उससे जो संसार में है।" अब सभा में, जहाँ पर हम उसे छूते हैं, वह वापस खुद को प्रकट करता है; जैसे स्त्री ने मसीह में से होते हुए, परमेश्वर को छुआ और उसकी आवश्यकताओ को वापस प्रकट किया।

246 मैं अब यहां कोने पर देखता हूं, यहां एक पुरुष जैसा दिखाई देता है, जो बहुत ही गंभीर अवस्था में है। नहीं, ऐसा नहीं है। यह एक स्त्री है, जो एक पुरुष के लिए प्रार्थना कर रही, है और वो पुरुष यहां पर नहीं है। लेकिन यह एक स्त्री है। मैं देखता हूं कि वो स्त्री का... यह उसका—उसका पिता है, और वह कैंसर से मर रहा है। और बहुत ही गंभीर अवस्था है। वह पुरुष

यहां पर नहीं है। वो किसी और स्थान पर है, वो यहाँ तक इस देश का नही है। ये, वो जॉर्जिया में है।

केवल प्रार्थना करते रहें। अब क्या तुम अपने पूरे हृदय से विश्वास करते हो? [सभा कहती है, “आमीन।”—सम्पा।] देखो, केवल प्रार्थना करते रहो।

उस स्त्री का नाम, जो प्रार्थना कर रही है, श्रीमती जॉर्डन है। वो जॉर्जिया से नहीं है। वह उत्तर कारोलीना से है। यदि यह सच है, महिला तो अपने पैरों पर खड़ी हो जाए। ठीक है, सारी सच्चाई है। [बहन कहती है, “धन्यवाद परमेश्वर! धन्यवाद परमेश्वर!”—सम्पा।] क्या तुम इसी बात के लिए प्रार्थना कर रही थी? [“हां श्रीमान; मेरे पिता के लिए।”] तो ठीक है, तो ठीक है। [“बहन अपने पिता के बारे में आगे कुछ बताती है।”]

क्या आप यह विश्वास करती हैं, “वो जो तुम में है बढ़कर है, उससे जो संसार में है? ” [वो बहन कहती है, “मैं विश्वास करती हूं”—सम्पा।] क्या विश्वास करते है कि वो जो...

247 देखो, यहां पर कुछ तो और भी है। तुम्हे आरंभ के दिनों में एक बड़ा प्रशिक्षण मिला था या कुछ तो और, क्योंकि ऐसा दिखाई देता है कि तुम मिलीजुली हो या किसी एक प्रकार के मसीही... क्या आपका पिता एक सेवक नहीं है या कोई तो इसी प्रकार से, आपके कोई तो लोग या ऐसे ही कुछ? [बहन कहती है, “मेरे पति।”—सम्पा।] तुम्हारा पति, यही वो है। मैं देख सकता हूं कि कोई तो आपके पास खड़ा है, सुसमाचार को प्रचार कर रहा है, और आप एक कलीसिया में थी। वह आपके साथ जुड़ा हुआ था। [“प्रभु की स्तुति हो।”] तो ठीक है, वहां पर तुम हो।

अब, वो महिला, मैं नही जानता, लेकिन परमेश्वर उस स्त्री को जानता है।

248 अब, तुम्हारे बटुवे में कुछ है, एक छोटा सा रूमाल या कुछ तो है? तो ठीक है, फिर तुम... जब तुम बैठ जाओगी तो, अपने हाथों को उस रुमाल पर रखना और संदेह मत करना, और वो जो तुम में है, वो बढ़कर है, उससे जो तुम्हारे पिता को खत्म रहा है। अपने पूरे हृदय से विश्वास करना, तो तुम्हारे साथ वैसा ही हो, जैसा तुम विश्वास करती हो।

249 अब, मैं तुमसे कुछ पूछना चाहता हूं। मैं उस स्त्री को नहीं जानता। जहां तक मैं समझता हूं, हम पहली बार मिले है, मैं सोचता हूं कि मैंने

कभी उसे देखा है। लेकिन वह वहां पर एक व्याकुल अवस्था में बैठी हुई प्रार्थना कर रही है। और वही परमेश्वर जो पीछे मुड़कर और उस स्त्री को लहू की बीमारी के बारे में उसे बता सकता है, वही परमेश्वर यहां पर है, यह दिखा रहा है, वह जो तुम्हारे अंदर है, संसार पर जयवंत हुआ है। आप विश्वास करते है? [सभा कहती है, "आमीन।"—सम्पा।] यदि आपके केवल विश्वास है तो, संदेह मत करना।

250 कैंसर के बताते हुए, मैं उस काली छाया को फिर से देख रहा हूं। यह, ठीक *यहां* बैठी हुई स्त्री के ऊपर है। उसे गले का कैंसर है, और वह एक बुरी आकृति में है। और वह प्रार्थना करती आ रही है, और अपनी चंगाई को स्वीकार करने की कोशिश कर रही है। श्रीमती बुर्टोन, यदि आप विश्वास करेंगी! मैं उस स्त्री को नहीं जानता हूं। लेकिन, यदि तुम अपने पूरे हृदय से विश्वास करती हो... सचमुच वो चीज...

मैं आपको इसे समझाता हूँ, जो तुम करने की कोशिश कर रही हो। तुमने अपनी आवाज को खो दिया है, इस वजह से, और तुम अपनी आवाज़ को वापस लाने के लिए प्रार्थना करने की कोशिश कर रही हो। क्या यह सही बात है? अपने हाथों को *इस* तरह से हिलाये। अब, वह स्त्री मेरे लिए एक अजनबी है। मैं उसे नहीं जानता हूं। क्या उसे देखा है? यह सही है। वहां, वहां पर है वो। देखा? "बढ़कर है वो जो तुम में वो विश्वास है, जो उसे छू सकता है, उससे जो तुम्हारे गले में है।"

क्या आप अपने पूरे हृदय से विश्वास करते हो? [सभा कहती है, "आमीन।"—सम्पा।]

251 बहन लार्सन, मैं आपको जानता हूं, ये मेरी मकान मालकिन है। लेकिन बहन लार्सन तुम डॉक्टर के पास गयी थी, या कहीं तो, किसी और स्थान पर। तो वहां पर एक ऑपरेशन के लिए गयी थी। यह सही है। क्या यह सही बात है? बढ़कर है वो, जो तुम में है, बहन लार्सन, उससे जो संसार में है। यीशु ने कहा, "मैं एक अजनबी था, और तुमने मुझे अपने यहाँ ठहराया। इतना ही नहीं, तुमने जो छोटो में से किसी एक के साथ किया, तुमने वो मेरे लिए किया है।"

ओ, स्वर्गीय पिता, दयावंत होना!

252 आप क्या सोचती हो? तुम्हे भी एक ऑपरेशन के लिए जाना था। तुम मेरे लिए एक अजनबी हो। क्या सही बात है? [बहन कहती है, "जी

हाँ।"—सम्पा।] तुम यहां की रहने वाली नहीं हो। ["आप मुझे नही जानते हैं, मैं आपको जानती हूं।"] आप मुझे नहीं जानती हैं, लेकिन मैं आपको नही जानता। ["आप मुझे नही जानते हैं।"] लेकिन परमेश्वर आपको जानता है। आप यह विश्वास करती है? ["हां. मैं करती हूं।"] तुम वहां पर एक ऑपरेशन के लिए थी। तुम यहां पर नही रहती हो। तुम नजदीकी बेडफ़ोर्ड, स्प्रिंगविल्ले में, ऐसा ही कुछ... वहीं पर जहां स्प्रिंगविल्ले हैं, श्रीमती बुर्टोन है... नही, नही, मुझे क्षमा कीजिए। मेरा मतलब यह नहीं था। श्रीमती पार्कर, यही आपका नाम है। क्या यह सही है? बढ़कर है वो, जो तुम में है, उससे जो तुम्हे खत्म करने की कोशिश कर रहा है। क्या यह सही है? क्या तुम अपने पूरे हृदय से विश्वास करती हो? फिर आपको ऑपरेशन की कोई आवश्यकता नहीं है, यदि आप विश्वास करती है तो।

253 आप इस सब के बारे में क्या सोचती है, बहन? मैं आपको नहीं जानता। आप मेरे लिए एक अजनबी हैं। क्या आप मुझे उसका नबी होने का विश्वास करती हैं? [बहन कहती है, "मैं इसे विश्वास करती हूं।"—सम्पा।] आप करती है। धन्यवाद। परमेश्वर इस का आदर करेगा। आप हैं, श्रीमती वाइट। आप फोर्ट वर्थ, टेक्सास, से आई है। आपको एक मांसपेशियों की बीमारी है, एक गंभीर अवस्था में है। आप बहुत बीमार हैं। आपके लिए कोई आशा नहीं है, जहां तक चिकित्सक विज्ञान का संबंध है। आपके पति उसे एक आत्मिकता की आवश्यकता है, जिस पर वो प्रार्थना कर रहा है। तुम्हारा वहां पर एक पुत्र है, उसकी पीठ पर तकलीफ है और हृदय की तकलीफ है। तुम्हारा एक छोटा लड़का है, जो उसकी गोद में है। वह छोटा लड़के एक तरह की बोलने में तकलीफ है, जिस के लिए आप प्रार्थना कर रही है। यदि यह सही है तो, अपने हाथ को ऊपर उठाये। [पति कहता है, "यह सही है। ये ही हमारी आवश्यकताये है।"]

"बढ़कर है वो जो तुम में है, उससे जो संसार में है।" क्या आप यह विश्वास करते हैं? [सभा कहती है, "आमीन।"—सम्पा।] अपने पुरे हृदय से? ["आमीन।"] इस सब के साथ। ["आमीन।"]

अब आइए अपने सिरों को झुकायेंगे।

254 अब, वह इस ईमारत में से होकर गुजरा है। उसने आपको साबित किया है कि वह परमेश्वर है। "बढ़कर है वो जो तुम में है, उससे जो संसार में है।"

यह प्रभु परमेश्वर है। अब, जो तुम में है, आइए हम उसे प्रधानता देंगे। उसे आपकी सारी बातों का नियंत्रण लेने दो, जो आप...

आप अपने हृदय में ठीक अभी कहें, यदि आप अपने पूरे हृदय से कह सकते हैं, और इसे विश्वास करे, "वह बीमारी जो मेरे शरीर में थी, चली गई है।" समझे? "मैं अब और पीड़ित नहीं हूं। अब मुझमें बीमारी नहीं रही। वो बढकर है, जो मुझ में है, उससे जो मेरे शरीर में है। वो जो मेरे हृदय में है, बढ़कर है, उससे जो मेरी देह में है। इसीलिए, वो जो मेरे हृदय में है, उसने आकाश और धरती की सृष्टि की। मेरी देह शैतान के द्वारा भष्ट हो चुकी है, और मैं पवित्र आत्मा का मंदिर हूं ताकि वो इसमें रहे। इसीलिए, शैतान, मैं तुझे आज्ञा देता हूं कि मेरे शरीर को छोड़ दे। यीशु मसीह के नाम में, मुझ में से बाहर निकल आ।" देखा? आप इसे विश्वास करते हैं? [सभा "आमीन" कहती है।—सम्पा।]

अब आइए, सब अपने–अपने तरीके से प्रार्थना करेंगे, हर एक जन, जब मैं आपके लिए प्रार्थना करता हूँ।

255 सर्वसामर्थी परमेश्वर, धरती और आकाश के सृष्टिकर्ता, जीवन के आधार, हृदय के रहस्य को प्रकट करने वाले, आपने कहा, "वो परमेश्वर का वचन, दोधारी तलवार से भी चोखा है, जो हमारे मनो के विचारों को भी जान लेता है।"

256 यही वह कारण है, जब वो वचन देहधारी हुआ, इसने जान लिया, वे किस बारे में सोच रहे थे, जब उसने कथित विचारों को जान लिया था। और वो वचन था, और उस वचन ने उनके हृदय के गुप्त बातों को जान लिया।

और वो वचन अब भी वही वचन है। और आज रात हम इसे खुद, अपने आप में हमारे अन्दर प्रकट होते हुए देख रहे हैं, दो हज़ार वर्षों के बाद, क्योंकि उसने इसे पन्नों पर लिखा, और यहां पर इसे प्रमाणित कर रहा है, इसे दिखा रहा है कि ये सही है।

257 यहां पर रुमाल रखे हुए हैं। बीमार लोग हर कहीं पर है। मैं प्रार्थना करता हूं कि वह महान पवित्र आत्मा जो उपस्थित है, जो इन बातों को दिखाता है, जो इन चीजों को बताता है, और ये कभी भी चुकता नहीं है, लेकिन ये जो सच्चाई है, ना ही यह एक भी बार चुक सकता है, क्योंकि यह परमेश्वर है। वो इन रूमालो को उसकी उपस्थिति से अभिषेक करे, और

हर एक व्यक्ति को चंगा करें, जिस पर वे इसे रखते हैं। और वो परमेश्वर जो जीवित हो सकता है, दो हज़ार वर्षों के बाद, और पापियों के हृदय के अंदर खुद को आकार दे सकता है जो विश्वास और अनुग्रह के द्वारा छुडाये गए हैं, और उस के वचनों को उनके मरनहार होठो के द्वारा बोल सकता है, और इसे घटित होते देखता है, बिल्कुल वैसे ही, जो उसने प्रतिज्ञा की है।

258 ओ प्रभु परमेश्वर, मैं आपसे मांगता हूं कि हम पर दयावंत होना। और होने पाए, हर एक स्त्री और पुरुष, जो यहां पर उपस्थित बैठा हुआ है, जिनके पास किसी भी प्रकार की बीमारी है या पीड़ा है; और जैसे मूसा ने लोगों के लिए खुद को एक दरार में डाल दिया, आज रात मैं अपने हृदय को आपके सामने रखता हूं, प्रभु। और उस पुरे विश्वास के साथ, जो मेरे पास है, जो आप पर है, जिसे आपने मुझे दिया है, मैं उन्हें देता हूं। जैसे पतरस ने वहां जो सुंदर फाटक कहलाता है, वहां पर कहा, "जो मेरे पास है, मैं तुम्हें देता हूं, नाजरीन यीशु मसीह के नाम से, उठ और चल।" और वह व्यक्ति लंगड़ा था और—और कुछ क्षणों के लिए कमजोर पड़ा हुआ था, लेकिन जब उन्होंने उसे उठाया, उसने अपने घुटनो पर शक्ति को पाया। और उसने परमेश्वर के भवन के अंदर, रेंगते हुए, और स्तुति करते हुए और परमेश्वर को धन्य कहते हुए प्रवेश किया।

259 आप वही परमेश्वर है, जो कल, आज और युगानुयुग एक सा है। और उसके प्रेरित ने कहा, "जो मेरे पास है, मैं तुम्हें देता हूं।" यह विश्वास था। और मैं कहता हूं: मेरे पास जो है, मैं इसे श्रोतागण को देता हूं! नाजरीन यीशु मसीह के नाम से, अपनी बीमारी को इंकार करो, क्योंकि बढ़कर है वो, जो तुम में है, उस शैतान से जो आपके जीवन को लेने की कोशिश करता है। आप परमेश्वर के बच्चे हैं। आप छुडाये हुए हैं।

260 मैं शैतान को इन लोगों से निकलने की आज्ञा देता हूं। होने पाए, जिस परमेश्वर ने उस तूफान को उस दिन पीछे हटा दिया, और वो परमेश्वर जिसने हवाओ और लहरों को शांत किया, होने पाए, वो इसे देखें कि हर एक बीमारी इन लोगों से निकाल दी गई है, और मसीह की सामर्थ इस घड़ी में उनके जीवन में प्रमाणित हुई है। होने पाए, हर एक पापी पश्चाताप करें। होने पाए, हर एक व्यक्ति जो आपके नजदीक नहीं है, वो इस घड़ी पर सही कर ले। और होने पाए, ये यीशु मसीह के नाम में ऐसा हो जाये।

261 मैं, आपके पास्टर की नाई, आपके भाई के नाई, मेरे पास जो विश्वास है उससे, मैंने परमेश्वर से माँगा है कि इसे आप पर रख दे। मैं विश्वास करता हूं, मैं उसे पा लुंगा, जो मैंने मांगा है। अब, यदि आप मेरे साथ इसे विश्वास करेंगे; अपने पूरे हृदय से भरोसा करते हैं, जो मेरे पास है, मैं इस घड़ी के लिए, आपको देता हूं।

और अब आप यीशु मसीह के नाम से, जो परमेश्वर का पुत्र है, अपनी पीड़ा को और अपनी बीमारी को इंकार करे और इसे कहे, "तुम्हें जाना होगा," क्योंकि आपके पास आपका विश्वास है, साथ ही मेरा विश्वास है, यीशु मसीह की सामर्थ के साथ, जिसकी सर्वउपस्थिती यहां पर है, ताकि इसे प्रमाणित करें और साबित करें कि वो यहां पर है, जो आपको इस समय पर चंगाई देगा।

262 क्या आप यह विश्वास करती हैं, महिला, जो इस खाट पर पड़ी हुई है? [बहन कहती है, "यह सही है।"—सम्पा।] हालाँकि तुम्हारी मांसपेशियों ऐसे हो गए है जैसे वे इसे कहते है स्क्लेरोसिस (चमड़ी का रोग) और जो कुछ भी है, और आप चल सकती है, यदि आप कोशिश करेंगी। खडी हो जाये, यीशु मसीह के नाम में। उनकी सहायता कीजिए। वो चलने लगेगी। क्या आप विश्वास नहीं करती? और बाकी के सारे लोग खड़े हो जाये। और उसकी घुटने की हड्डी ने शक्ति पायी है।

अब अपने हाथों को उठाते हुए और उसे स्तुति देंगे।

263 महान यहोवा परमेश्वर, यीशु मसीह के नाम में, हम खुद को, चंगाई के लिए आपको सौपते हैं। आमीन।

वो जो तुम में है HIN63-1110E

(He That Is In You)

ये सन्देश हमारे प्यारे भाई विलियम मेरियन ब्रन्हम के द्वारा रविवार शाम, नवम्बर 10, 1963 को ब्रन्हम टेबरनिकल, जेफ़रसनविले, इंडिआना, यू. एस. ए में प्रचारित किया गया, जिसे चुम्बकीय टेप रिकॉर्डिंग से लिया गया है और इंग्लिश में विस्तृत छापा गया है। इस हिंदी अनुवाद को वोईस ऑफ गॉड रिकॉर्डिंग के द्वारा छापा गया और बाँटा गया है।

HINDI

©2018 VGR, ALL RIGHTS RESERVED

VOICE OF GOD RECORDINGS, INDIA OFFICE
19 (NEW NO: 28) SHENOY ROAD, NUNGAMBAKKAM
CHENNAI 600 034, INDIA
044 28274560 • 044 28251791
india@vgroffice.org

VOICE OF GOD RECORDINGS
P.O. BOX 950, JEFFERSONVILLE, INDIANA 47131 U.S.A.
www.branham.org

कोपी राईट सूचना

सारे अधिकार सुरक्षित है। यह पुस्तक व्यक्तिगत प्रयोग या मुफ्त में देने और एक औजार के समान यीशु मसीह का सुसमाचार फैलाने के लिये
घर के प्रिंटर पर छाप सकते हैं।

इस पुस्तक को बेचना, अधिक मात्रा में फिर से छापना, वेब साईट पर डालना, दुबारा छापने के लिये सुरक्षित रखना, दूसरी भाषाओं में अनुवाद करना या धन प्राप्ति के लिये निवेदन करना निषेध है। जब तक की वायस ऑफ गोड रिकार्डिंग कि लिखित अनुमति प्राप्त ना कर ली जाये।

अधिक जानकारी या दूसरी उपलब्ध सामग्री के लिये कृपया संपर्क करें:

वायस ऑफ गोड रिकार्डिंग्स

पोस्ट बोक्स 950 जैफरसन विले, इन्डियाना 47131 यू. एस. ए.

www.branham.org